तापमान
अधिकतम 25.6 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



अरपा का जलस्तर बढ़ने से शनिचरी स्थित रपटा के नीचे पानी की धार तेज हो गई है। अधिक बारिश होने पर रपटा डूबने की आशंका है।



**एनएचएआई के पुल के समीप फूटा नाला**

बिलासपुर। गतौरी की ओर से आ रहे नाले का पानी अचानक ओवर फ्लो हो गया। इस दौरान कच्चा नाला फूटने के कारण मिट्टी नदी में बह गई। इसके समीप ही एनएचएआई का ढेका पुल भी निर्माणधीन है, ऐसे में लगातार मिट्टी के बहने की स्थिति में पुल को नुकसान होने का अंदेशा बना हुआ है। (फोटो : प्रकाश परिहार)



तोरवा धान मंडी के सामने गणेश इनक्लेव में भरा पानी।



सिटी कोतवाली मुख्य मार्ग पर नाली का गंदा पानी सड़क पर।



तोरवा सहित अन्य क्षेत्रों में पानी भरने से लोग होते रहे परेशान।



फिर जलमग्न हुआ श्रीकांत वर्मा मार्ग।



विनोबा नगर में पैदल चलना भी हुआ मुश्किल।

### लोगों को आने जाने में परेशानी हुई, घरों में कैद होकर रहना पड़ा

# बारिश बनी आफत, कई इलाकों में भरा पानी, घरों में रखे सामान तक डूब गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। खासकर पिछले तीन दिनों से झमाझम बरसात के कारण शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए। निचली बस्तियों के साथ ही बड़ी कालोनियों में पानी भर गया। लोगों के घर में गंदा पानी घुस गया तो कुर्सी बर्तन तक डूब गए। बंधवापारा, जरहाभाठा से लेकर दयालबंद, सकरी, सिरगिट्टी और तिफरा के कई घरों में खाना नहीं बना। लोग निगम और प्रशासन को कोसते रहे। सरकंडा, मगरपारा, मंगला, गीतांजलि सिटी, तोरवा और पुराना बस स्टैंड जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। इसके साथ ही हंसा विहार, मित्र विहार कालोनी ,श्रीकांत वर्मा मार्ग, बस स्टैंड, विद्यानगर, मिनीमाता चौक, भारतीय नगर रोड, ओमनगर में पानी भर गया। यहां के रहवासियों को आने-जाने में परेशानी हुई और घरों में कैद होकर रहना पड़ा।

रविवार की सुबह से लगातार बारिश का दौर जारी देर शाम तक जारी रहा। इससे शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी गई। कई जगहों में नाली निकासी नहीं होने से पानी जाम हो गया है। वहीं, मुख्य मार्गों में भी पानी भर गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, चीफ इंजीनियर राजकुमार मिश्रा सहित दूसरे अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने ज्वाली नाले के साथ ही दूसरे इलाकों का भ्रमण कर पानी निकासी के निर्देश दिए।

#### बस स्टैंड के नाले की चौड़ाई बढ़ेगी

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में बाढ़ की स्थिति सामान्य है। शहर में जलभराव वाले क्षेत्रों में नगर निगम की टीम काम कर रही है। श्रीकांत वर्मा मार्ग पर जलभराव की समस्या के समाधान के लिए बस स्टैंड की ओर जाने वाले नाले की चौड़ाई 250-300 मीटर क्षेत्र में बढ़ाई जाएगी।



**गिरी दीवार, लाखों का नुकसान**

टैगोर चौक स्थित अंबा पेट्रोल पंप की भारी भरकम दीवार ढह गई जिसकी चपेट में आने से टिकरापारा के ऑटो चालक का ऑटो बाइक और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गए। लगभग 10 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है।

#### फिर फेल हो गई निगम की इंजीनियरिंग

शहर में सबसे अधिक परेशानी बंधवापारा, मित्र विहार कालोनी के साथ ही हंसा विहार में हुई। बंधवापारा में तो स्थिति और भी गंभीर रही। यहां के निवासी विवेक देवांगन ने बताया कि निगम के बाढ़ नियंत्रण कक्ष में शिकायत दर्ज कराई। पता चला कि जोरापारा तालाब के पास नाली जाम होने से पानी उलटकर बंधवापारा कालोनी में भर रहा है। मिशन अस्पताल रोड, सरकंडा सहित कई इलाके पानी में डूब गए हैं। लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। निगम प्रशासन ने दावे किए थे कि इस बार जलभराव की नौबत नहीं आएगी, लेकिन हकीकत कुछ और ही नजर आई और एक बार फिर निगम की इंजीनियरिंग फेल हो गई।

#### पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं

दरअसल पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था और नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण यह जाम की स्थिति हर साल बनती है। बारिश के बाद नालियों का पानी सड़कों में आ जाता है। फिलहाल लोगों के घरों में नालियों का गंदा पानी घुस रहा है और उसे निकालने में लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों के मुताबिक पिछले 10 सालों से शहर में नाली-नाला और पानी निकासी का कोई काम नहीं हुआ है। हर बार नाली बनती है और सफाई के दावे किए जाते हैं लेकिन इसका रिजल्ट नहीं मिलता। एफसीआई गोदाम के पीछे पानी निकलने में काफी समय लगा।

#### इन इलाकों में भी जलभराव

शहर और आसपास के ग्रामीण और शहरी इलाकों में हो रही बारिश के कारण इसके अलावा सरकंडा क्षेत्र के चौबे कालोनी, शिवम होम्स, अरविंद नगर, मगरपारा, मंगला, गीतांजलि सिटी, तोरवा जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। इन क्षेत्रों के लिए प्रशासन की ओर से पहले यह दावा किया गया था कि इस बार शहर में जलभराव की स्थिति नहीं बनने दी जाएगी लेकिन बारिश शुरू होते ही सारे दावे खोखले साबित हो गए। नालों की सफाई अधूरी होने और जल निकासी व्यवस्था कमजोर होने के चलते हालात बिगड़ते गए।

#### 23 से अधिक स्थानों पर जलभराव

गौरतलब है कि बारिश के दिनों में शहर में 23 से अधिक स्थानों पर जल भराव की नौबत हर साल आती है। ऐसा नगर निगम का स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग भी मानता है। विभाग के प्रतिवेदन में किलावार्ड, केंवटपारा, डोंगाघाट से लेकर तालापारा, मगरपारा, विद्यानगर, पुराना बस स्टैंड, तोरवा, जोरापारा, कपिलनगर सिम्स के पास, लूथरा टिंबर के पास, बंधवापारा सरकंडा, गंगानगर, ओमनगर आदि जल भराव वाले स्थानों में चिन्हित हैं। इनमें से पिछले साल 8 जगहों पर नाला निर्माण की योजना बनाई गई थी।


## 24 घंटे में 11 सेमी बारिश शहर, गांव सब सराबोर

प्रदेश सहित जिले में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। यही कारण है कि 5 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जहां अबतक रिमझिम बारिश ही हो रही थी, वहीं रविवार को झमाझम बारिश हुई और कई इलाकों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई। जवाली नाले में भी तेज धार से पानी बहने लगा है। अरपा का जलस्तर भी पहले की तुलना में बढ़ चुका है। मौसम विभाग ने जिले के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है।

बारिश की तीव्रता बढ़ने की आशंका बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार 24 घंटे में 11 सेमी बारिश हो चुकी है, वहीं शाम होते ही थोड़ी देर के लिए बारिश थमी रही, लेकिन अगले ही घंटे में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया। इस बीच दिन भर हुई बारिश के कारण जवाली नाले में जलभराव अधिक हो गया, निगम के कर्मचारियों को इसकी निगरानी करने के लिए भी भेजा गया। वहीं अरपा नदी में भी तेजधार बहने लगी है और इसके कटाव भी जारी है।

#### सिनॉप्टिक सिस्टम की स्थिति

प्रदेश में वर्षा की तीव्रता बढ़ने के पीछे कई मौसमी तंत्र सक्रिय हैं। मानसून की द्रोणिका से होकर बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है। उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश में समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर चक्रवाती परिसंचरण



सक्रिय है। गंगीय पश्चिम बंगाल में समुद्र तल से 7.6 किमी ऊंचाई तक चक्रवाती परिसंचरण बना है। यह परिसंचरण धीरे-धीरे निम्न दबाव के क्षेत्र में बदल सकता है, जिससे बारिश में और तेजी आ सकती है। अरब सागर से चक्रवाती संचरण गुजराज, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड तक फैली हुई है। यही द्रोणिका की वजह से झमाझम बारिश का दौरा जारी है।

#### दो दिन सावधानी बरतने की जरूरत

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन सावधानी बरतने की जरूरत है। सोमवार और मंगलवार को उत्तर छत्तीसगढ़ के इलाके कोरबा, जांजगीर, बिलासपुर में भारी बारिश होने की आशंका बनी हुई है। इस दौरान गाज गिरने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

### ट्रेनों का परिचालन प्रभावित, यात्रियों को हो रही परेशानी

# रेलवे ब्रिज के गर्डर से पानी का बहाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सुबह से हो रही लगातार बारिश के कारण जहां स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया है। वहीं बिलासपुर डिवीजन के ईब सेक्शन में बने ब्रिज के ऊपर गर्डर से पानी का बहाव होने लगा है, जिसके कारण बिलासपुर से हावड़ा के बीच चलने वाली ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के साथ कटनी सेक्शन में घुटकू, कलमीटार, खोंगसरा, भनवारटंक सहित अन्य क्षेत्रों के अलावा शहडोल रेलवे स्टेशन के रेलवे लाइन पर पानी भर गया है। सुबह बिलासपुर रेलवे स्टेशन के सभी लाइन पर पानी भरने की वजह से मालगाड़ियों के साथ यात्री गाड़ियों को घंटों आउटर में नियंत्रित करते हुए पानी निकालने का कार्य किया गया। बिलासपुर रेल मंडल के ईब स्टेशन में ईब और झारसुगुड़ा के बीच किलोमीटर नंबर 521/9एन से 15 एन पर स्थित रेलवे ब्रिज नंबर 184 बना हुआ है। सुबह से लगातार बारिश



की वजह से ब्रिज के गर्डर पर पानी का बहाव होने से टच करने लगा, जिससे अप और डाउन मेन लाइन को सस्पेंड कर दिया गया। इन दोनों लाइन को ब्लाक करने के बाद तीसरी और चौथी लाइन से मालगाड़ियां और यात्री गाड़ियों का परिचालन कराया गया। दो लाइन बंद और दो लाइन चालू किए जाने से ट्रेनों का परिचालन घंटो प्रभावित हुआ।

#### अंडरपार में विशेष निगरानी

बारिश की वजह से मंडल के सभी रेलवे अंडरपास में जलभराव की समस्या से निपटने विशेष निगरानी एवं आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किया गया है। 18 चिन्हित रेलवे अंडरपास में निगरानी हेतु कर्मचारियों को तैनात किया गया है, जो 24 घंटे नियमित रूप से पानी के लेवल की निगरानी कर रहे हैं। जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही पंपिंग सेट, जेटिंग मशीन तथा अन्य उपकरण की व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी स्थिति में तत्काल जल निकासी की जा सके। बिलासपुर स्टेशन यार्ड के दोनों छोर के अंडर ब्रिज में पानी के लेबल के अनुसार कार्य करने वाली आटोमेटिक विद्युत पंप की सुविधा है। अंडरब्रिज की दीवारों पर जलस्तर के पैरामीटर दर्शाए गए हैं और वहां संबंधित रेल पर्यवेक्षकों मोबाइल नंबर भी अंकित किया गया है ताकि राहगीरों द्वारा आवश्यकता होने पर तत्काल संपर्क किया जा सके।

**ये ट्रेनें हुई प्रभावित :** रविवार की सुबह से हो रही लगातार बारिश के कारण मालगाड़ियों के साथ यात्री गाड़ियों के परिचालन पर भी असर पड़ा। रेलवे ट्रैक और ब्रिज तक पानी पहुंचने की वजह से ट्रेन की गति 40 से 60 किलोमीटर प्रति स्पीड करनी पड़ी, जिसकी वजह से बिलासपुर आने वाली ट्रेनें घंटों लेट हुई।

- सुबह 4.40 बजे आने वाली 20822 संतरागाछी-पुणे हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस दोपहर 1 बजे के बाद 9 घंटे लेट।
- सुबह 8 बजे आने वाली 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस दोपहर 12.30 बजे के बाद यानि 6 घंटे लेट।
- सुबह 9 बजे आने वाली 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस दोपहर 1 बजे के बाद 5 घंटें लेट।
- सुबह 7.35 बजे आने वाली 12906 शालीमार-पोरबंदर सुपरफास्ट एक्सप्रेस दोपहर 2 बजे के बाद 7 घंटे लेट।
- सुबह 9.15 बजे आने वाली 12152 शालीमार-मुम्बई एलटीटी एक्सप्रेस दोपहर 3 बजे 6 घंटे लेट।
- सुबह 11.10 बजे आने वाली 22910 पुरी-बलसाड़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस दोपहर 3.30 बजे के बाद 5 घंटे लेट।
- सुबह 11.35 बजे आने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस दोपहर 3 बजे के बाद 5 घंटे लेट।
- सुबह 7.05 बजे आने वाली 22830 शालीमार-भुज दोपहर 3 बजे के बाद 9 घंटे लेट।
- दोपहर 2.10 बजे आने वाली 68739 शहडोल-बिलासपुर मेमू शाम 4 बजे के बाद 2 घंटे लेट।
- दोपहर 2.15 बजे आने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस रात 9 बजे 7 घंटे लेट।
- शाम 6.10 बजे आने वाली 12809 सीएसएमटी-हावड़ा मेल एक्सप्रेस रात 9 बजे 3 घंटे लेट।
- शाम 5.25 बजे आने वाली 22844 पटना-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस रात 10 बजे के बाद 4 घंटे लेट।

## खबर संक्षेप

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच ने किया पौधरोपण, बांटे पुरस्कार



**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच की नवनिर्मित आशीर्वाद भवन भगवान श्री परशुराम मंदिर परिसर लोखंडी में मासिक बैठक आयोजित की गई। मंच के पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम की महाआरती एवं पूजा अर्चना कर सदस्यों ने फलदार पौधे लगाए। पिछले वर्ष मंच द्वारा आयोजित श्रीराधाकृष्ण सजाओं प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को प्रतियोगिता प्रभारी रश्मि लता मिश्रा एवं अतिथियों ने पुरस्कृत किया। मंच के प्रदेशाध्यक्ष बी के पांडेय,अरूण शुक्ल, रज्जन अग्निहोत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी, प्रदेश सचिव राजेश पाण्डेय, मंच के युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष पार्षद अमित तिवारी ने सभा को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शास्वत तिवारी ने किया। सभा में गोपाल तिवारी,मनोहर लाल मिश्र,करूणा शंकर अवस्थी, अभिषेक तिवारी, शशिकांत मिश्र, दिनेश बाजपेयी, जयंत शुक्ल, योगेश मिश्र, सुरेन्द्र तिवारी, दिव्य तिवारी, अभिनव त्रिपाठी, मीत तिवारी, कमलेश मिश्र, आशीष दीक्षित, विजय दीक्षित, रूचि तिवारी, पूर्वी शुक्ला, आराध्या शुक्ला, अनिरुद्ध मिश्र मौजूद थे।

### जयंती पर याद किए गए डॉ श्यामा प्रसाद, पुष्पमाला से दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** जनसंघ के संस्थापक और भाजपा के विचार पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। पुराना बस स्टैंड स्थित डॉ मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देकर उनके मूलभूत सिद्धांतों को दोहराया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को विशेषकर कश्मीर के संदर्भ में याद किया जाता है जिन्होंने अखण्ड राज्य की वकालत करते हुए जीवन पर्यन्त कश्मीर में लागू धारा 370 का विरोध करते हुए एक प्रधान एक निशान और एक विधान का नारा दिया। आज बिलासपुर जिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके राष्ट्रवादी सिद्धांतों का अनुकरण करने की शपथ ली। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति ही डॉ मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि डॉ मुखर्जी आजाद भारत में राष्ट्र हित के खातिर बलिदान देने वाले पहले योद्धा हैं। सभा को जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने भी संबोधित किया।

### श्री झूलेलाल सेवा समिति के रुपचंद अध्यक्ष बनाए गए



**बिलासपुर।** थोक फल एवं सब्जी मंडी तिफरा रोड स्थित श्री झूलेलाल मंगलम में श्री झूलेलाल सेवा समिति के सदस्यों के साथ पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष एवं पूज्य सिंधी पंचायतों के अध्यक्षों की बैठक हुई। इस अवसर पर आगामी 2 वर्षों के लिए रूपचंद डोडवानी को श्री झूलेलाल सेवा समिति श्री झूलेलाल मंगलम का निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। श्री डोडवानी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आपसी सामंजस्य एवं निष्ठा के साथ मंगल भवन को और अधिक सर्वसुविधा युक्त बनाने का अनुरोध कर सभी से सहयोग की आशा व्यक्त की। बैठक में रमेश लालवानी, हरीश भागवानी, धनराज आहूजा, अर्जुन तीर्थानी, प्रकाश ग्वालानी, डीडी आहूजा, किशोर गेमनानी, उमेश भावनानी, प्रभाकर मोटवानी, नानकराम मखीजा, कमल विधानी, नंदलाल बजाज, विष्णु मोटवानी, हरीश भागवानी, जगदीश संतानी, वी.के खत्री, रमेश लालवानी, श्रीचंद दयालानी, विनोद मेघानी, शंकर मनचंदा कमल बजाज, दिलीप बहरानी आदि मौजूद थे।

### सीपत टीआई ने बुजुर्ग महिलाओं को दी शासन की योजनाओं की जानकारी



**बिलासपुर।** सियाना चेतना अभियान के तहत सीपत पुलिस ने ग्राम जुहली में बुजुर्ग महिला मंडल के बीच जाकर उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दी।
एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर जिले में सियान चेतना अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को सीपत टीआई गोपाल सतपथी ग्राम जुहली में बुजुर्ग महिला मंडली के बीच गए। उनके साथ बैठकर उन्होंने उनकी समस्याओं की जानकारी ली और समस्याओं का निराकरण भी बताया। इसके साथ ही उन्होंने शासन की ओर से बुजुर्ग महिलाओं के लिए चल रही योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। टीआई श्री सतपथी को अपने बीच पाकर सियान महिलाएं खुश हुईं और अभिनव पहल के लिए बिलासपुर पुलिस को उन्होंने बधाई दी।

### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस और एक पेड़ मां के नाम अभियान

**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस और एक पेड़ मां के नाम अभियान के उपलक्ष्य पर सेवा सहकारी समिति पासिद में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील सोढ़ी, विशिष्ट अतिथि उप पंजीयक शेखर जयसवाल बिलासपुर, आशीष दुबे नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक बिलासपुर थे। मुख्य अतिथि श्री सोढ़ी ने कहा की सहकारिता एक अभियान है।

**2 फीसदी पद आरक्षित** | सरकार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा ही नहीं कर रही, 400 से अधिक खिलाड़ी वंचित

# राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलों में नाम कमाया, अब 9 सालों से बेरोजगार घूम रहे

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने वाले प्रदेशभर के सैकड़ों खिलाड़ी वर्षों से बेरोजगार घूम रहे हैं। खेल विभाग के अधिकारी उत्कृष्ट नियम 2007 में संशोधन में ऐसे उलझे हैं कि नियम को फाइनल ही नहीं कर पा रहे हैं।

प्रदेशभर में 2016 से उत्कृष्ट खिलाड़ी की घोषणा नहीं हुई है। इस कारण पदक विजेता खिलाड़ियों को नौकरी नहीं मिल रही है। जबकि, प्रदेशभर के सभी विभागों में खाली पदों के 2 फीसदी पद उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। उत्कृष्ट नहीं बनने के कारण खिलाडि़यों के लिए आरक्षित पदों पर उन्हें नौकरी नहीं दी जा रही है। ध्यान रहे कि 2015 तक 100 से ज्यादा उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किए गए थे, उनमें से कई वर्तमान में नौकरी कर रहे हैं। इसके बाद लेकिन सब ठप है।छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों की सुनने वाला कोई नहीं है। खिलाड़ी



अपनी बात रखने के लिए आंदोलन भी नहीं कर सकते, क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं उनका करियर न बर्बाद हो जाए। विभाग से खिलाडियों को मदद नहीं मिल रही है। ध्यान रहे कि वर्ष 2007 में बने नियमों की समीक्षा के लिए खेल विभाग ने 7 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। खेल संचालक की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने नियमों की समीक्षा कर सशोधित नियमों को फाइनल कर दिया है, जिसे शासन के पास स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है।

### खिलाड़ियों की निकल रही उम्र

पिछले 9 वर्षों से उत्कृष्ट खिलाड़ी की घोषणा नहीं हुई है। वहीं, 2020 के बाद खेल विभाग ने उत्कृष्ट खिलाड़ी के लिए आवेदन तक नहीं मंगाए हैं। जिन खिलाडियों ने 2018-19, 2019-20 में उत्कृष्ट खिलाड़ी के लिए आवेदन किए थे, वे अब नियमों में उलझ गए है। अब नियमों में संशोधन होने कई के फार्म अपात्र हो जाएंगे। साथ ही पिछले 8 वर्षों से उत्कृष्ट की घोषणा न होने से उनकी नौकरी की उम्र भी निकलती जा रही है। फैसला के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हाई लेवल कमेटी बनाई गई है। इसमें वन मंत्री केदार कश्यप, खेल मंत्री टंकराम वर्मा आदि शामिल हैं।

### यह नियम संशोधित होने की संभावना

- अब ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड में प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। वहीं, नान ओलंपिक अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वालों को पात्र माना जाएगा
- राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में पदक जीतने वालों और शहीद राजीव पांडेय अवार्डी को उत्कृष्ट खिलाड़ी का पात्र माना जाएगा
- उत्कृट बनाने में ओलंपिक खेलों के पदक विजेता खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी
- विश्वविद्यालयीन गेम्स व नान ओलंपिक खेल के पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए नियम कड़े किए जाएंगे।

### कुल 783 ओवदनों में से लगभग 200 पात्र

वर्ष 2018-19, 2019-20 में खेल विभाग को कुल 783 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 2018-19 में 344 और 2019-20 में 439 आवेदन मिले थे। दोनों वित्तीय वर्ष के आवेदनों की जांच करने के बाद लगभग 125 खिलाड़ियों ने दो बार आवेदन किए थे। छटनी के बाद कुल 651 खिलाडि़यों के आवेदनों की स्क्रुटनी की गई, जिसमें लगभग 200 खिलाड़ी पुराने नियमों के अनुसार उत्कृष्ट के लिए पात्र पाए गए और वहीं, 450 आवेदन अपात्र कर दिए गए।

### संशोधन प्रक्रिया पूरी हो गई

उत्कृष्ट खिलाड़ी अधिनियम 2007 में संशोधन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नियमों के संशोधन और उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चयन पर अंतिम निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। बैठक भी हो चुकी है। उत्कृष्ट खिलाड़ी के नामों की घोषणा भी जल्द की जाएगी।

**- ए एक्का,** अपर संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग

वन्यप्राणियों के केज में शेड लगाने के अलावा नाइट शेल्टर भी लगाया गया

# बारिश में वन्यप्राणियों को निमोनिया का खतरा, कानन में डॉक्टर कर रहे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारिश के कारण कानन पेण्डारी जू के शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों को सबसे अधिक खतरा निमोनिया का है, जिसे रोकने के लिए लगातार डॉक्टर निगरानी कर रहे हैं। वहीं बारिश से बचाने के लिए शाकाहारी वन्यप्राणियों के केज में शेड लगाने के अलावा नाइट शेल्टर भी लगा दिया गया है।

कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र में शासन के आदेशानुसार डीएफओ, एसडीओ, रेंजर से लेकर अन्य स्टाफ की व्यवस्था कर दी गई है, लेकिन सीजेडए के नियम और गाइडलाइन के अनुसार काफी कमी है। कानन पेण्डारी जू में बच्चों के खेलने के लिए गार्डन, पिकनिक स्पॉट सहित 650 से अधिक मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणी हैं। सभी वन्यप्राणियों के लिए भीषण गर्मी में दोपहर की तेज धूप से बचाने के लिए शेड की व्यवस्था करने के साथ स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव किया जाता है। वहीं बारिश में सबसे अधिक परेशानी मौसमी बीमारी की होती है। जिस स्थान पर वन्यप्राणियों के शेड बने हैं, उन स्थानों पर बारिश की वजह से कीचड़ हो जाते हैं। इसके अलावा शेड की



लंबाई चौड़ाई कम होने के कारण बारिश में कई वन्यप्राणी भींगते भी हैं। बारिश का प्रभाव वन्यप्राणियों की सेहत पर भी होने लगा है। बारिश के साथ मौसमी बीमारी से



बचाने के लिए व्यवस्था करना शुरु कर दिया गया है। इसके तहत जिस स्थान पर शेड की व्यवस्था नहीं थी, उस स्थान पर शेड लगाने के अलावा, पुराने जर्जर हो चुके शेड की रिपेयरिंग की जा रही है। वहीं डॉक्टर लगातार सभी केज में वन्यप्राणियों को चेकअप करने के साथ वैक्सीनेशन भी कर रहे हैं, ताकि मौसम का प्रभाव किसी भी वन्यप्राणियों पर न पड़े। डॉक्टरों के अनुसार इंसानों की तुलना में वन्यप्राणियों में बारिश में भींगने की शक्ति अधिक होती है। इसमें सबसे अधिक बीमारी का खतरा निमोनिया का होता है। वर्तमान में नाइट शेल्टर भी बना दिया गया है, जिसके कारण वन्यप्राणियों को भी बारिश से बचाव के लिए राहत है। इसके बावजूद किसी भी तरह की सूचना पर तत्काल मौके पर जाकर वन्यप्राणियों का चेकअप किया जा रहा है।

### बारिश के बाद भी 315 सैलानी

बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, जिसका प्रभाव कानन पेण्डारी जू में भी पड़ रहा है। बारिश की वजह से कानन पेण्डारी जू के गार्डन, पिकनिक स्पॉट व अन्य स्थानों पर चारों ओर कीचड़ के कारण काफी परेशानी हो रही है। कानन प्रबंधन के अनुसार बारिश का प्रभाव गेटमनी से होने वाले राजस्व में भी पड़ा है। रविवार की सुबह से बारिश के बावजूद सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे कानन पेण्डारी जू का गेट ओपन रहा, जहां केवल 315 सैलानी भ्रमण करने के लिए पहुंचे थे। इन सैलानियों से कानन प्रबंधन की गेटमनी में 5900 रुपए प्राप्त हुआ। वहीं शनिवार को भ्रमण करने वाले सैलानियों की संख्या 540 थी, जिसमें 491 बड़े और 49 बच्चों से कानन की गेटमनी से प्रबंधन ने 10310 रुपए का राजस्व प्राप्त किया है।

# तीन सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने की तैयारी

### केंद्रीय राजमार्ग मंत्री गडकरी की हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संभाग की तीन सड़कों को नेशनल हाईवे का दर्जा देने की तैयारी चल रही है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री एवं सांसद तोखन साहू द्वारा केंद्र के समक्ष प्रस्ताव रखा गया था, जिस पर केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने स्वीकृति की मुहर लगाते हुए तीनों सडकों को आगामी राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम में प्राथमिकता क्रम में शामिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश जारी किए गए हैं।



तीन नई सड़कों के नेशनल हाईवे में शामिल होने के बाद प्रदेश में विकास को एक नई दिशा मिल सकेगी। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद तोखन साहू द्वारा केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी को 1 अक्टूबर 2024 को पत्र भेजा गया था। पत्र के संदर्भ में श्री गडकरी ने उनके प्रस्तावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए सकारात्मक निर्देश जारी किए हैं।

श्री गडकरी ने कहा है कि वर्तमान नीति के अंतर्गत यातायात घनत्व, माल एवं यात्री परिवहन, क्षेत्रीय विकास, पर्यटन, एवं प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए इन मार्गों को नए राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में शामिल करने हेतु मंत्रालय विचार करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि श्री साहू द्वारा प्रस्तावित इन मार्गों को आगामी राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम में प्राथमिकता के साथ सम्मिलित करने की प्रक्रिया शुरू की जाए।

### इन सड़कों को मिलेगा एनएच का दर्जा

प्रस्ताव में संभाग की तीन सड़कों को नेशनल हाईवे से जोड़ने की बात कहीं गई है। इन सड़कों में रायपुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग से सरगांव होते हुए पथरिया, चिरहुला मोड़ होते हुए मुंगेली तक संपर्क मार्ग। इसी तरह बलौदाबाजार से अमलडीहा, पासीद, पिरेया, सरवानी होते हुए बिलासपुर मार्ग एवं बिलासपुर से कोटा, लोरमी होते हुए मुंगेली संपर्क मार्ग शामिल हैं। इन सड़कों का एनएच में शामिल होना कहीं ना कहीं केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के छत्तीसगढ़ के सड़क विकास को लेकर किए गए सतत प्रयासों के परिणाम स्वरूप महत्वपूर्ण उपलब्धि कही जा सकती है।

# रोटरी क्लब का 54 वां स्थापना समारोह मनाया गया



**बिलासपुर।** रोटरी क्लब का 54वां स्थापना समारोह मनाया गया, मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी रहीं। इन्होंने स्वच्छता, जलापूर्ति एवं बुनियादी ढांचे पर फोकस करते हुए समुदायआधारित विकास की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और रोटरी की पहलों की सराहना की।

समारोह के उपरांत सभी रोटेरियन सदस्यों, अतिथियों और आमंत्रित गणमान्य नागरिकों के लिए भव्य लंच का आयोजन हुआ, जहाँ परस्पर विचार-विनिमय और भावी योजनाओं पर विमर्श हुआ। नवनियुक्त पदाधिकारियों जिसमें अध्यक्ष शैलजा शुक्ला,सचिव कृतिका मोदी, कोषाध्यक्ष आनंद खेमका थे, इन्होंने कहा की रोटरी क्लब ऑफ़ शिक्षा, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियानों और जलापूर्ति परियोजनाओं में सक्रिय भूमिका निभा रही है। स्थापना समारोह नेतृत्व परिवर्तन के साथ-साथ दीर्घकालिक और समावेशी सामुदायिक विकास की प्रतिबद्धता को भी पुनः पुष्ट करता है।

- रोटरी क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियानों और जलापूर्ति परियोजनाओं में निभा रही सक्रिय भूमिका

शहर विकास के लिए क्लब के पदाधिकारियों द्वारा समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए क्लब द्वारा की जा रही कार्यों की सभी ने सराहना की है।

# किसान जवान संविधान आमसभा में शामिल होंगे कांग्रेसी आज

**बिलासपुर।** रायपुर में 7 जुलाई को किसान जवान संविधान आमसभा आयोजित की जा रही है। इसमें शामिल होने के लिए बिलासपुर, तखतपुर, बिल्हा, बेलतरा, मस्तूरी और कोटा विधानसभा से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल होंगे।

शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ग्रामीण विजय केशरवानी ने बताया कि 7 जुलाई की आमसभा ऐतिहासिक होगी। सभा को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट,प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव,सह प्रभारी विजय जांगिड़, ज़रिता लेटफलांग, एस सम्पत कुमार सहित पूर्व मंत्री सम्बोधित करेंगे । अध्यक्ष द्वय ने बताया कि साइंस कॉलेज पहुंचने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रूट चार्ट जारी की है। जिसमें बिलासपुर ,सरगुजा और रायगढ़ क्षेत्र से जाने वाली गाड़ियां सिलतरा बाईपास से टाटीबंध से महोबा चौक से यूनिवर्सिटी गेट से एनसीसी ग्राउंड जाना है। जहां एनसीसी ग्राउंड को चार पहिया के लिए पार्किंग स्थल बनाया गया है। एनसीसी ग्राउंड से पैदल साइंस कॉलेज मैदान पहुंचना होगा । अध्यक्ष द्वय ने कहा कि आमसभा का नाम किसान जवान संविधान दिया गया है।

- साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में होगी सभा, रुट चार्ट तैयार किया गया

### बिलासपुर की ओर से आने वाले वाहन

सिलतरा बाईपास होकर टाटीबंध चौक से मोहबा बाजार चौक, यूनिवर्सिटी गेट के सामने बस डिपो में बस पार्किंग एवं चार पहिया वाहन यूनिवर्सिटी गेट से अंदर प्रवेश कर एनसीसी ग्राउंड में अपना वाहन पार्क करेंगे।

# एयरपोर्ट में कन्वेयर बेल्ट नहीं, खुद उठा रहे हैं लगेज



**बिलासपुर।** राज्य के दूसरे सबसे बड़ा शहर सर्वसुविधा युक्त एयरपोर्ट के लिए तरस रहा है। बिलासा एयरपोर्ट पर बुनियादी सुविधाओं की कमी है। परिसर में कन्वेयर बेल्ट नहीं होने के कारण यात्रियों को अपना लगेज स्वयं ही उठाना पड़ रहा है, जबकि डेढ़ साल पहले अराइवल हाल का निर्माण अभी भी अधूरा है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति बताया कि 2021 में एयरपोर्ट का उद्घाटन हुआ,उसी दौरान 6 करोड़ 70 लख रुपए टर्मिनल भवन के विस्तार, अन्य सुविधाएं के लिए स्वीकृत किए गए। साल 2023 में डिपार्चर हाल, अराइवल हाल के लिए फंड दिया गया है। डिपार्चर हाल का विस्तार किया गया है, लेकिन अराइवल हाल नहीं बन सका है। यहां कन्वेयर बेल्ट तक नहीं है। जिससे यात्रियों को भारी भरकम लगेज स्वंय उठाकर ले जाना पड़ता है।

एक विमान के पूरे यात्रियों के लिए खड़े होने की भी जगह नहीं है। डिपार्चर हाल भी छोटा है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने मांग की की इस अराइवल हाल विस्तार को शीघ्र शुरू हो और कन्वेयर बेल्ट मिल सके। इसके लिए समिति के सदस्यों ने आवाज उठाई है।

बीते चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद रोपाई में व्यस्त हुए किसान

# छिड़काव पद्धति से धान की बोनी पूरी, अब रोपा की बारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीते चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच जिले के किसान अब धान की रोपाई में व्यस्त हो चुके हैं। रोपा के लिए अब तक हुई बारिश पर्याप्त नहीं थी, जिससे इसमें इस साल थोड़ी देर हो गई। अब लगातार बारिश से किसानों को रोपाई के लिए बेहतर वातावरण मिल सका है। इधर छिड़काव पद्धति से बोनी के लिए दस दिनों पहले ही पर्याप्त बारिश हो चुकी थी, जिससे लगभग 60 प्रतिशत किसान बोनी कर चुके हैं।

खरीफ के लिए जिले में इस साल के लिए निर्धारित 1 लाख 77 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी के लक्ष्य को पाने जिले के किसान जुट चुके हैं। लगातार



निराश करने के बाद बीते चार दिनों से हो रही बारिश से खेत लबालब हैं, और किसान धान का रोपा लगाने में व्यस्त हैं। प्रदेश में मानसून का आगमन इस साल पंद्रह दिनों पहले हो चुका था, लेकिन प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में ही मानसून लंबे समय तक अटका रहा, लिहाजा मानसून को जिले तक पहुंचने में 18 जून तक का समय लग गया। जानकारों की मानें तो मानसून के जिले में पहुंचने का सामान्य समय लगभग 16 से 20 जून ही है, जिससे इसके विलंब से पहुंचने की बात नहीं कही जा सकती। इतना जरूर है कि मानसून के जिले में आगमन के बाद भी सक्रिय होने में पंद्रह दिनों का समय लग गया। यही कारण है कि किसानों में शुरूआती दौर में थोड़ी मायूसी रही।

### रोपाई में व्यस्त हैं किसान

छिड़काव पद्धति से किसानों ने पहले ही बोनी पूरी कर ली है। अब लगातार बारिश के बाद खेतों में रोपा के लायक पर्याप्त पानी जमा हो चुका हैं, जिससे जिले के किसान इन दिनों रोपाई में व्यस्त हैं।

**-अनिल कौशिक**
सहायक संचालक कृषि

# शहर में निकले ताजिया जायरिनों ने मांगी मन्नतें

**बिलासपुर।** मुस्लिम समुदाय द्वारा रविवार को जोहर की नमाज के बाद दोपहर 2 बजे के बाद सभी इमाम बाड़ों से ताजिया स्थल से ताजियों की रवानगी की गई। मुख्य केंद्र सिटी कोतवाली चौक रहा, यहां सभी ताजिए और ताजियादारों का मिलन हाता है।

मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष सैय्यद युसुफ ने बताया कि आज के दिन सभी जायरिन अपनी मुरादों को लेकर ताजिया चौखट पर पहुंचे। मो. खलील द्वारा तैयार मरिमाई कब्रिस्तान के पास से इन ताजियों को बनाते 52 साल हो गए। चुचुहियापारा के द्वारा सै. नावेद बख्शी, शेख अख्तर और शेख अजमत द्वारा राजकिशोर नगर से




निकाली गई थर्मोकोल की मदीना वाली ताजिया आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा अनवर हुसैन, सज्जाद हुसैन, नसीर हुसैन द्वारा तैयार की गई ताजिया को भी लोग खूब पसंद आई।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

रिजल्ट

## सीए फाइनल इंटरमीडिएट एवं फाउंडेशन परीक्षा के परिणाम घोषित



**बिलासपुर।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा मई में आयोजित सीए फाइनल, इंटरमीडिएट एवं फाउंडेशन परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। इस बार कुल 14,247 विद्यार्थियों ने सीए फाइनल परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की, जो एक सराहनीय उपलब्धि है। शहर में इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉपर रहे अभिमन्यु अग्रवाल, जिन्हें स्व. सीए आलोक सखुजा मेमोरियल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सीए ओम मोदी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सफल विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सीए दिनेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष, सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई, सीए उदय चौरसिया, सचिव, बिलासपुर शाखा तथा सीए मिली डे, अध्यक्ष, सीआईसीएएसए, बिलासपुर शाखा द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की तथा निरंतर परिश्रम एवं ईमानदारी को सफलता की कुंजी बताया।

कार्यक्रम

## आर्य समाज का वार्षिक चुनाव नवनिर्वाचित कार्यकारिणी घोषित



**बिलासपुर।** आर्य समाज गोड़पारा में वार्षिक चुनाव पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी के रूप में सर्वसम्मति से आचार्य मनीष शास्त्री को नियुक्त किया गया, जिनके मार्गदर्शन में संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हुई। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में प्रधान सुधीर कुमार गुप्ता, मंत्री वारिज सिंह, उपप्रधान गोविंद माधव गुप्ता, उपमंत्री रोशन जयसवाल,महिला संगठन उपप्रधान गायत्री गुप्ता, उपमंत्री सीमा गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल दास चावला,सिद्धार्थ गुप्ता,पुस्तकाध्यक्ष मुकुंद माधव गुप्ता,अजय गुप्ता,गौरव गुप्ता,आर्यवीर दल अधिष्ठाता अभिषेक गुप्ता, सोशल मीडिया प्रमुख अनीश गुप्ता,प्रचारमंत्री विनय गुप्ता, सदस्यगण सुदर्शन गुप्ता,पुष्कर जायसवाल,अंतरंग सदस्यगण मंजू आर्य, निधि गुप्ता, प्रेरणा गुप्ता,राशि गुप्ता,सुधा गुप्ता,चंद्रप्रभा गुप्ता संरक्षकगण ज्योतिर्मय आर्य, रुद्र गुप्ता, संजय छापरिया, शैल गुप्ता,निर्मला गुप्ता कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुनी गई। जो समाज की एकता, संगठनात्मक शक्ति तथा सेवा भावना का सशक्त परिचायक है।

शिविर

## अरपांचल कल्याण बाग़ वेलफेयर सोसायटी ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण



**बिलासपुर।** रविवार को अरपांचल कल्याण बाग़ वेलफेयर सोसायटी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में डॉ संजय सिंह, फीजिशियन, डॉ नम्रता सिंह, डॉ शिव जायसवाल फिजियोथैरेपिस्ट ने आवश्यक परामर्श दिया। आयोजन को सफल बनाने में एम चंद्रशेखर राव, जी श्रीनिवास राव, धर्मेन्द्र कुमार, सुदीप दुबे, प्रोफेसर हीरालाल शर्मा, उपाध्यक्ष भूषण यादव, गोविन्द राजूलू एवं दीपक आदित्य ने विशेषज्ञों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को सोसायटी की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

चयन

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रेफरशिप करेंगे मुकेश

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर में 11 से 13 जुलाई तक आयोजित होगी, छत्तीसगढ़ से अंतराष्ट्रीय रेफेरी व एशियन कोच लायसेंस होल्डर मुकेश पुरी गोस्वामी का रेफेरशिप करने फेडरेशन द्वारा चयन किया गया है। इसके साथ ही संतोष निर्मलकर राष्ट्रीय रेफरी को भी चयन किया गया है। इन्होंने बताया की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 1500 से अधिक खिलाड़ियों व कोच, मैनेजर, रेफरी, निर्णायक शामिल होंगे, प्रतियोगिता सब जूनियर जूनियर सीनियर कैडेट व फ्रेशर वर्ग में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम भी भाग ले रही है,



जिसमें उत्कृष्ट खिलाड़ी को चिन्हकित किया गया है। संघ द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों, बस्तर,सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों को आगे लाने 19 वर्ष से कम उम्र के बालक -बालिका खिलाड़ियों को विशेष रूप से आगे लाकर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने संघ द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं। विगत दिनों छत्तीसगढ खिलाड़ियों नें युथ नेशनल गेम्स दिल्ली में 1 स्वर्ण, 8 रजत, 6 कास्य पदक जीते है।

# देवशयनी एकादशी पर निकली निशान यात्रा

देवशयनी एकादशी पर श्याम भक्तों ने श्रीराम मंदिर तिलक नगर से श्री खाटू श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली। यात्रा राम मंदिर से निकल कर देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। यहां भक्तजनों ने 131 निशान भगवान को अर्पित किया।

### 120 किलो फूल से श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर के सदस्यों ने बताया कि घोंघा बाबा मंदिर परिसर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में देवशयनी एकादशी पर भगवान श्याम का भव्य दरबार सजाया गया। आर्किड, गुलाब, गेंदा, पुदीना, तुलसी, रजनी गंधा, सेवंती सहित अन्य कई प्रकार के फूलों से भगवान का अलौकिक श्रृंगार कर महाआरती की गई। श्रृंगार के सभी 120 किलो फूल दिल्ली से मंगाए गए थे। रात्रि में श्याम भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें एक से बढ़ कर एक भजन गाकर बाबा श्याम का गुणगान किया गया। इसका श्याम भक्त देर रात तक श्रवण करते रहे। आज की निशान यात्रा की विशेषता यह रही कि मूसलाधार बारिश होने के बाद भी भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई और वे हाथ में निशान लिए बड़े उत्साह से चल रहे थे।

**श्याम भक्तों ने 131 निशान भगवान को किया अर्पित**





## आषाढ़ी एकादशी पर निकाली दिण्डी यात्रा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीराम मंदिर समिति तिलक नगर द्वारा आषाढ़ी एकादशी पर रविवार को भगवानश्री की दिण्डी यात्रा निकाली गई। इसमें श्रद्धालु भक्त उत्साह से शामिल हुए।

पालकी यात्रा देहनकर बाड़ा से प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर, विठ्ठल मंदिर से मुख्य मार्ग होते हुए व्यंकटेश मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, सीताराम मंदिर, राजाराम मंदिर गोंड़पारा, पचरीघाट, शनिचरी पड़ाव, जगन्नाथ मंदिर, साव धर्मशाला जूना बिलासपुर, मुख्य मार्ग, मां काली मंदिर, घोंघा बाबा मंदिर से दर्शन देते हुए पुनः श्रीराम मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर महाराष्ट्रीयन समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

**लघु रूद्राभिषेक 28 को**

28 जुलाई सोमवार को शाम 4 बजे से लघु रूद्राभिषेक प्रारंभ होगा। अभिषेक कराने के इच्छुक भक्त अपना नाम एवं गोत्र कार्यालय में नोट करा लेंवे। अभिषेक करने वाले भक्त अपने साथ दूध एवं बेलपत्र ला सकते हैं। सामूहिक सत्यनारायण कथा 3 अगस्त रविवार को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी। 12 अगस्त मंगलवार को संकष्टी चतुर्थी पर भगवान का अभिषेक होगा।

### समर्पित है विष्णु भगवान को

देवशयनी एकादशी पर कई लोगों ने एकादशी का व्रत रखा। एकादशी विष्णु भगवान को समर्पित है। हिंदू धर्म में इस दिन को बहुत विशेष माना जाता है, जो साधक इस व्रत को रखते हैं, उन्हें अक्षय फलों की प्राप्ति होती है। प्रत्येक माह में दो बार शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में एकादशी आती है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल यह एकादशी 6 जुलाई रविवार को मनाई गई। इसे आषाढ़ी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि जो भक्त इस दिन भक्तिपूर्ण उपासना करते हैं, उन्हें धन-वैभव और अपार यश की प्राप्ति होती है।



### सूर्य के मिथुन राशि में आने पर आती है ये एकादशी

एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशी होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है तब इसकी संख्या बढ़कर २६ हो जाती है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को ही देवशयनी एकादशी कहा जाता है। कहीं-कहीं इस तिथि को 'पद्मनाभा' भी कहते हैं। सूर्य के मिथुन राशि में आने पर ये एकादशी आती है। इसी दिन से चातुर्मास का आरंभ माना जाता है। इस दिन से भगवान श्री हरि विष्णु क्षीरसागर में शयन करते हैं और फिर लगभग चार माह बाद तुला राशि में सूर्य के जाने पर उन्हें उठाया जाता है। उस दिन को देवोत्थान एकादशी कहा जाता है। इस बीच के अंतराल को ही चातुर्मास कहा गया है।


# पूर्णाहुति के साथ गुप्त नवरात्र उत्सव का समापन

सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में पूर्णाहुति के साथ आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव का समापन हुआ। सुबह श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन, श्रृंगार कमला देवी के रूप में किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि त्रिदेव मंदिर में नवरात्र के दसवें दिन श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामजी का पूजन एवं श्रृंगार किया गया। मध्यान्ह पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ में श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी मंत्र द्वारा आहुतियां दी गई। कन्याओं का पूजन भोजन कराया गया।

पूर्णाहुति के अवसर पर जगद्गुरु कामदगिरि पीठाधीश्वर श्रीमद जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूप आचार्य महाराज कामदगिरि चित्रकूट उपस्थित होकर माता श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी, श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव, परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी, सिद्धिविनायक गणेश, श्री पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ का पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विश्वेश्वर सिंह पटेल, हर्षवर्धन अग्रवाल अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।



जगदगुरु रामानंदाचार्य पूजा में हुए शामिल

**कौशल विकास में होती है बढ़ोतरी**

पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ.दिनेश महाराज ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में मां कमला की पूजा करने से कौशल विकास एवं गुणवत्ता में बढ़ोतरी होती हैं। इनकी पूजा से मां लक्ष्मी की पूजा के समान पुण्य प्राप्त होता है। मां कमला अपने भक्तों को धन और ऐश्वर्य का वरदान देती है। खासकर गर्भवती महिलाओं के लिए मां कमला की पूजा बहुत महत्वपूर्ण होती है।

# सत्संग लाता है सकारात्मक परिवर्तन

**बिलासपुर।** कोई भी घटना घटित हो जाने, किसी के द्वारा दुर्भावना रखने या कोई भी परिस्थिति आ जाने पर भी मुख से अपशब्द रूपी पत्थर न निकले। हमसे ऐसा कोई कर्म न हो जिससे मां-बाप का नाम बदनाम हो। यदि एक अवगुण या कोई गलती दिखी तो लोग 100 गुणों को भी नहीं देखेंगे।

उक्त बातें बिलासपुर से ही ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त कर माउंट आबू में पिछले 31 वर्षों से समर्पित होकर ज्ञानामृत प्रेस में सेवाएं दे रहे ब्रह्माकुमार बद्रीनाथ भाई ने शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर में दैनिक जीवन में ईश्वरीय ज्ञान का लाभ बताते हुए कही। उन्होंने अपने जीवन का अनुभव साझा करते हुए कहा कि ज्ञान मिलने से पूर्व बचपन की संगति बहुत खराब थी, लेकिन मात्र 12-13 वर्ष की आयु में ही ईश्वरीय ज्ञान मिलने से और प्रतिदिन सत्संग से परिवर्तन आता गया। प्रतिदिन महावाक्य सुनने से परिवर्तन तो आता ही है। कोई उलझन हो या कोई बात समझ न आए तो अपने बड़ों से राय लें। अंत में उन्होंने सभी को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर बीके रूपा बहन व अन्य साधक उपस्थित थे।



माउंट आबू से आए भाई का शिव अनुराग भवन में उद्बोधन



# सेनानी उत्तराधिकारियों ने पुरखों का किया स्मरण

**बिलासपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार द्वारा रविवार को सेनानियों का स्मरण आयोजन के तहत सेनानी उत्तराधिकारियों ने अपने पुरखों को स्मरण कर श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रीय जन चेतना के संवाहन सेनानी श्रद्धेय स्व स्वराज प्रसाद त्रिवेदी, सेनानी स्व. कुंज बिहारी चौबे एवं स्व. राम चरण साहू के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये प्रदेश अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल ने कहा कि भारत को बनाने वाले अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों की गाथा वर्तमान पीढ़ी को स्मरण कराने की ज़रूरत है। पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बतलाया प्रतिमाह प्रथम रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम कार्यक्रम के तहत नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार के सदस्यों का कार्यक्रम किया गया। यह आयोजन अशोक नगर स्थित डॉ शकुंतला जितपुरे के निवास में किया गया कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि उपस्थित सभी साथियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मरण, उत्तराधिकारी परिवार जनो को अन्य राज्यों में प्राप्त सुविधाओं के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के लिये चर्चा विचार विमर्श किया गया। उक्त अवसर पर सेनानी परिवार से चन्द्र प्रकाश बाजपेयी,डॉ शकुंतला जितपुरे,डॉ रश्मि जितपुरे,डॉ उषा किरण बाजपेयी, डॉ रश्मि बाजपेयी, प्रतिमा शुक्ला,डॉ शिवनाथ श्रीवास,रमेश श्रीवास,डॉ आभा चौबे आदि उपस्थित रहे।



# बाजार में फैंसी छत्ते, पॉकेट रेनकोट की डिमांड, कैप्सूल अम्ब्रेला व बॉटल अम्ब्रेला को लोग कर रहे पसंद

कार्नर न्यूज

आषाढ़ समाप्ती पर चल रहा मगर तीन दिनों से चल रही बारिश सावन की झड़ी की तरह बरस रही है, इन दिनों शहर जलमग्न हो गया है। इस बारिश से बचने लोग बाजार में बिक रहे रंग-बिरंगे छाता व रेनकोट खूब खरीद रहें है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मार्केट में नए डिजाइन के छाते और रंग-बिरंगे रेनकोट सजे है। बच्चों के लिए जहां कार्टून बने छाते तो वहीं महिलाओं व युवतियों के लिए प्रिंटिंग छाते काफी आकर्षक हैं। अलग-अलग उम्र के लोगों के लिए बाजार में रंगों के रेनकोट भी उपलब्ध हैं। गोलबाजार व्यापारी रोशन गुप्ता ने बताया कि इस बार रैनी सीजन में पॉकेट रेनकोट, कैप्सूल छाता, बॉटल अम्ब्रेला सहित अन्य फैंसी समानों की खूब मांग चल रही है। रंग-बिरंगी छतरी और रेनकोट उपलब्ध है। व्यापारी ने बताया कि उनके पास डेढ़ सौ रुपए से लेकर बड़ा डिजाइनर छाता तीन सौ रुपये तक की कीमत में उपलब्ध है। इसमें अलग-अलग रंग का डिजाइन मौजूद है। इसी के साथ बच्चों के कार्टून वाले रेनकोट डेढ़ सौ रुपये से शुरू होकर पौने तीन सौ तक की रेंज में हैं। वहीं, बारिश से बड़ों को बचाने के लिए भी रेनकोट उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत तीन सौ रुपये से लेकर छह सौ रुपये के बीच है।







### तालपतरी से ढंक रहे छत

व्यापारी मोहन नंदवानी ने बताया की घरों व दुकानों को बारिश से बचाने तालपतरी भी खरीद रहे है, यह बाजार में सौ रूपए से एक हजार तक की अलग-अलग कंपनी के हिसाब से वाटरप्रुफ तालपतरी बिक रही है। लोग इस घर व दुकानों की छतों में लगाकर बारिश से सुरक्षा कर रहे है।

### कार अम्ब्रेला लोगों को भा रहा

व्यापारी ने बताया की इस बार लोगों कार अम्ब्रेला खूब पसंद आ रहा है, इसकी साइज बड़ी होने से इसमें अधिक लोग एक छाते के अंदर आते है, इस वजह से लोग इसे अधिक खरीद रहे है, यह छाता बड़ा होता है।

## खबर संक्षेप



### नवोदय विद्यालय दाबो में 6वीं के लिए आवेदन 29 तक

**मुंगेली।** जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 29 जुलाई तक किए जा सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि अभ्यर्थी का जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य होना चाहिए तथा उसे कक्षा 5वीं में अध्ययनरत होने के साथ ही मुंगेली जिले का निवासी होना चाहिए। परीक्षा की तिथि 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र और अपना पासपोर्ट फोटो के साथ उक्त वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में सम्पर्क कर सकते हैं।

### पत्नी, साले के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** पत्नि के साथ मारपीट कर रहे पति को ऐसा करने से मना करने पर उसने ससुर व साले के साथ भी गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। मामले में अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजा निवासी कुंवारा बाई टांडे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी रानी टांडे के साथ उसका पति रविशंकर आए दिन मारपीट करता है। हमेशा की तरह 4 जुलाई को उसके दामाद और समधी उसकी बेटी के साथ मारपीट कर रहे थे। जब उसका बेटा अपनी बहन को बचाने गया तो दामाद व समधी ने उसके साथ भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में ले लिया।

### युवक के साथ मारपीट मामला पंजीबद्ध

**तखतपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपीयों धारा 296, 115,2 351,2 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार सफरीभाठा निवासी ओमप्रकाश प्रजापति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रघु प्रजापति, भोलू प्रजापति और सुखलाल ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115,2 351,2 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## निधन

### डॉ. हरिराम निर्मलकर



**बिलासपुर।** तारबाहर निवासी रिटायर्ड स्टेट बैंक अधिकारी डॉ हरिराम निर्मलकर का 6 जुलाई को निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 7 जुलाई को दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### मनी राम श्रीवास



**बिलासपुर।** कोटा के ग्राम अमने निवासी मनीराम श्रीवास का 6 जुलाई को निधन हो गया। वे लगभग 72 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार कल सुबह 9 बजे गृह ग्राम अमने स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राजेंद्र श्रीवास, जितेंद्र श्रीवास के पिता थे।

### रामानुज श्रीवास



**मस्तूरी।** श्रीवास सामाज के वरिष्ठ व नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व वरिष्ठ भाजपा नेता रामानुज श्रीवास 75 वर्ष का 5 जुलाई शनिवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शिक्षक काशीराम श्रीवास विश्वनाथ, शिवनाथ एवं भोलेनाथ श्रीवास के पिता थे।

### रमेश श्रीवास्तव



**मुंगेली।** दाऊपारा निवासी स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी रमेश श्रीवास्तव का 6 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 जुलाई को दोपहर 12 बजे दाऊपारा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रोहित श्रीवास्तव के पिता थे।

---

## साफ-सफाई के अभाव में पचरइया नाला जाम, बीमारियों का खतरा

**गड्ढों के कारण राहगीर रोजाना हो रहे दुर्घटनाओं का शिकार**

# बेलसरी से मनियारी पुल तक गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

बेलसरी से मनियारी पुल तखतपुर मुख्य मार्ग की हालत अत्यंत जर्जर हो गई है। यहां इतने गड्ढे हो गए हैं कि यात्रियों को गड्ढों से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे आए दिन दर्जनों दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं पचरइया नाले की सफाई नहीं होने से दूषित पानी घरों में घुस रहा है, जिससे गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जिस बारिश का इंतजार किसानों को पिछले एक पखवाड़े से था, उसके शुरू होने से जहां एक तरफ किसानों के चेहरे खिल गए हैं, वहीं दूसरी ओर नगरवासियों के सामने कई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। खराब सड़क, नाले-नालियों में गंदगी ने लोगों के लिए मुसीबतें पैदा कर दी है।

बेलसरी नाके से मनियारी पुल तक सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि यात्रियों को गड्ढों में सड़क ढूंढनी पड़ रही है। सड़क पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं कि लाख सावधानियों के बाद भी वाहन सीधे गड्ढों फंस जाते हैं, जिसके कारण लोग रोजाना दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। गड्ढों के गहरे और चौड़े होने के कारण पूरी सड़क जलमग्न हो जाती है, जिससे यह अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां पर है एवं गड्ढे कहां पर। नतीजतन दुपहिया व चारपहिया वाहन चालक सीधे गड्ढे में फंस कर दूर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। गर्मी के समय से ही नगरवासी इस सड़क को दूरुस्त करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन परंतु उनकी मांगों को पूरी तरह अनसुना कर दिया गया। इसका नतीजा यह निकला कि बारिश के मौसम में इसका खामियाजा सड़क से गुजरने वालों यात्रियों को दुर्घटनाओं का शिकार होकर भुगतना पड़ रहा है।



सड़क पर बने गड्ढे में फंसा वाहन।

### नाले की सफाई नहीं

नगर के वार्ड क्रमांक 2, 4, 12,13 एवं 15 से गुजरने वाले पचरइया नाला जलकुम्भी से भरा हुआ है, जिसकी सफाई को लेकर वार्डवासियों ने बारिश के पूर्व ही नगरपालिका से गुहार लगाई थी। लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया और आज बरसात का पानी भरने से यह नाला में जाम हो गया है। ऐसे में नाले का गंदा पानी लोगों के घरों पहुंचने की आशंका है। नाले के गंदे पानी लोगों के घरों में पहुंचने की वजह से हैजा, डायरिया, उल्टी-दस्त जैसी गंभीर बिमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। यदि नगरपालिका शीघ्र ही नाले की साफ-सफाई नहीं कराता है तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

---

# कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों की बैठक



महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित सुपरवाईजर्स की बैठक ली। उन्होंने महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित पोषण ट्रैकर ऐप व ग्रोथ मॉनिटरिंग की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर में खराब स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने पोषण ट्रैकर में खराब प्रगति पर सुपरवाईजर्स को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुपोषण के खिलाफ लड़ाई और बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए संचालित योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन अति आवश्यक है। कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से नियमित ग्रोथ मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, एएनसी चेकअप में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और प्रत्येक लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने एडीएम को महिला एवं बाल विकास विभाग की नियमित मॉनिटरिंग करने और आवश्यक प्रगति लाने निर्देशित किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से नोनी सुरक्षा योजना के तहत किशोरी बालिकाओं के पंजीयन में तेजी लाने, सुकन्या समृद्धि योजना के प्रति ग्रामीण क्षेत्रें में जागरूकता बढ़ाने तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लक्षित महिलाओं को समय पर सहायता राशि प्रदान करने पर विशेष बल दिया। कलेक्टर ने मातृ वंदना योजना और महतारी वंदन योजना की प्रगति रिपोर्ट पर असंतोष जताते हुए सुधारात्मक कार्यवाही करने तथा पोषण ट्रैकर के संबंध में प्रशिक्षण देने के लिए कहा तथा सभी पर्यवेक्षकों को फील्ड की निरीक्षण कर आवश्यक प्रगति लाने निर्देशित किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सुपरवाइजरों की भूमिका को और अधिक सक्रिय एवं जवाबदेह बनाने की बात कही। उन्होंने 0 से 5 वर्ष के बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग के करने, बच्चों का नियमित वजन कराने और उन्हें पोषक आहार जैसे अंडा, केला आदि प्रदान करने के निर्देश दिए।



जयंती कार्यक्रम में शामिल नागरिक।

# अटल परिसर में मनाई गई डॉ. श्यामा प्रसाद की जयंती

**मुंगेली।** जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी जयंती मनाई।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्ग पर चलने की अपील की। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रवाद की मिसाल कायम की। पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा कि राष्ट्र उत्थान के लिए डॉ मुखर्जी ने संघर्ष किया और नई पीढ़ी को इस मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। इस अवसर पर गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, दीनानाथ केशरवानी, द्वारिका जायसवाल, किशोरीलाल केशरवानी, कोटूमल दादवानी, मिट्ठूलाल यादव, नारायण शर्मा, मन्नू श्रीवास्तव, विजय यादव, सत्तू सिंह, सचिन यादव आदि उपस्थित रहे।

---

## 281 पाव अवैध शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, गया जेल

**पथरिया।** क्षेत्र के ग्राम बावली में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को धर दबोचा। आरोपी मध्यप्रदेश से शराब शराब का परिवहन कर आसपास के ग्रामीणों को बेच रहा था। मुंगेली जिले में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग की टीम ने 281 नग अवैध गोवा शराब जब्त किया है।

विभाग ने मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत 33 लजार हजार रुपए बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक आबकारी विभाग को गांव बावली के एक घर में अवैध शराब जमा करके रखने की जानकारी मिली, इस पर पुलिस की टीम ने बावली गांव पहुंच कर अनिल कौशिक पिता संतोष कौशिक के घर पर छाप मार कर अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी मध्यप्रदेश निर्मित गोवा शराब जब्त कर लिया। पुलिस ने शराब का परिवहन और



विक्रय करने वाले आरोपी अनिल कौशिक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

वर्जन

### की गई कार्रवाई

क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आरोपी के पास से 281 नग अवैध गोवा अंग्रेजी शराब जब्त की गई।

**- उम्मी रुमा,**
आबकारी वृत्त पथरिया

## सहकारी विवि के भूमिपूजन में शामिल हुए तिवारी

**मल्हार।** भारत में सहकारिता आंदोलन को सशक्त, पारदर्शी और आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में गुजरात के आनंद में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय का भूमिपूजन समारोह 5 जुलाई को आयोजित किया गया।

इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से सहकारी नेतृत्व, संगठनकर्ता और नीति-निर्माता उपस्थित रहे। समारोह में छत्तीसगढ़ से एकमात्र प्रतिनिधि मल्हार निवासी प्रदेश संयोजक पैक्स प्रकोष्ठ सहकार भारती घनश्याम तिवारी ने सहभागिता देकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। उनकी उपस्थिति न केवल संगठनात्मक प्रतिनिधित्व थी, बल्कि छत्तीसगढ़ की सहकारी नीति, नवाचार, और जमीनी कार्य संस्कृति की राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुति भी थी। श्री तिवारी ने बताया कि भूमिपूजन समारोह का शुभारंभ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया।

> ■ छत्तीसगढ़ से एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में दर्ज कराई उपस्थिति



उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से पिछले 4 वर्षों में 60 प्रमुख इनिशिएटिव लिए गए हैं, ताकि सहकारिता को पारदर्शी एवं समावेशी बनाया जा सके। शाह ने कहा कि 30 करोड़ से अधिक नागरिक सहकारी संस्थाओं से जुड़े हैं एवं 40 लाख कर्मचारी इस आंदोलन में सक्रिय हैं। इस विशाल नेटवर्क को प्रशिक्षित और योग्य बनाने के लिए त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से एकमात्र प्रतिनिधि घनश्याम तिवारी ने डिजिटल पैक्स, युवा सहकारिता, सहकारी प्रशिक्षण का ग्राम केंद्रित मॉडल और छत्तीसगढ़ के पैक्स नवाचार जैसे विषयों पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि छत्तीसगढ़ में विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र खोले जाएं ताकि राज्य के सहकारी कार्यकर्ताओं को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण उपलब्ध हो सके। उनकी प्रस्तुतियों को कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और नीति-निर्माताओं ने गंभीरता से सुना और सराहा।

---

**चेम्बर ऑफ कॉमर्स के शपथ ग्रहण शामिल हुए दिग्गज नेता**

# व्यापारियों की सहभागिता से अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई ऊंचाई: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मुंगेली की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन शामिल हुए एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल मौजूद रहे।

> ■ व्यापारी गांव-गांव तक रोजगार, वस्तुएं और सेवाएं पहुंचाते हैं: बृजमोहन

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, जपं अध्यक्ष रामकमल सिंह ठाकुर, भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सहित कई सम्मानीय अतिथियों की उपस्थिति रही। इस दौरान सभी अतिथियों को माला पहना कर एवं शॉल भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि यह अवसर केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण में व्यापारी वर्ग की सक्रिय भागीदारी का प्रतीक है। उन्होंने वोकल फॉर लोकल को अपनाते हुए स्थानीय उत्पादों को ब्रांडिंग, ई-कॉमर्स और निर्यात से जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि हर चेम्बर और हर व्यापारी यदि विकसित भारत के संकल्प में सहभागी बने तो देश की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी। मुंगेली जैसे क्षेत्र नवाचार, उत्पादन और निर्यात के केंद्र बनें यही हमारा लक्ष्य है। इस मौके पर उन्होंने चेम्बर भवन निर्माण हेतु 15 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली के व्यापारियों की एकता की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग की एकजुटता से ही मुंगेली का समुचित विकास संभव हो पाया है। उन्होंने भी चेम्बर भवन निर्माण हेतु 25 लाख देने रुपए की घोषणा की। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आतिशबाजी व गर्मजोशी के साथ स्वागत करने पर सभी व्यापारी बंधुओ के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने व्यापारियों की भूमिका को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए कहा कि व्यापारी न केवल सरकार को कर देते हैं बल्कि गांव-गांव तक रोजगार, वस्तुएं और सेवाएं पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाएं जैसे आवास योजना, नल-जल योजना आदि व्यापार एवं उद्योग के योगदान से ही संभव हो पाई हैं। उन्होंने भविष्य में मुंगेली को एक भव्य ऑडिटोरियम देने का आश्वासन भी दिया। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने भी मंच से नवगठित कार्यकारिणी व व्यापारियों के योगदान को सराहा।




---



# पौधरोपण कर लिया गया सुरक्षा और देखभाल का संकल्प

**सीपत।** ग्राम पंचायत हरदाडीह और शासकीय विद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान के अंतर्गत भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जपं सदस्य रेवाशंकर साहू, सरपंच मंगलूराम सिदार, पंचायत सचिव रामनारायण सूर्यवंशी एवं पंचों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

विद्यालय प्रांगण में छायादार व फलदार पौधों को लगाकर सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक-एक पौधा हाथ में लेकर उसकी सुरक्षा और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। जपं सदस्य रेवाशंकर साहू ने कहा ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने का सबसे सरल उपाय वृक्षारोपण है। 'एक पेड़ मां के नाम' सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव है जो हमें प्रकृति से जोड़ता है। मैं हर ग्रामवासी से अपील करता हूं कि इस अभियान को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। सरपंच मंगलूराम सिदार ने कहा ने कहा कि हमारी धरती मां का श्रृंगार उसके पेड़-पौधे हैं। आज जब हर कोई पर्यावरणीय संकट की बात कर रहा है, तब हम ग्रामीणों की छोटी-छोटी कोशिशें बड़ा बदलाव ला सकती हैं। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। पर ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन गांवों में पर्यावरणीय चेतना के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देते हैं।

### जमुनाही विद्यालय परिसर में पौधरोपण



**लोरमी।** 'एक पेड़ मां के नाम' आभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही के विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी ने कहा कि वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना अधूरी है। उन्होने विद्यार्थियों को पौधरोपण का महत्व समझाया तथा पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प शाला परिवार ने लिया। शाला के सभी बच्चे बड़े ही उत्साह के साथ अभियान में शामिल हुए। इस अवसर पर शाला की शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, शिरोमणि साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामकुमारी साहू, रसोईया जलेश्वरी निषाद, ललिता यादव सहित शाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मुक्तिधाम परिसर में रोपे गए पौधे



**मस्तूरी।** पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाने के उद्देश्य से स्थानीय मुक्तिधाम परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने मिलकर सैकड़ों की तादात में पौधे लगाए एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने बूथ क्रमांक 177 व 178 में कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया और सहभागिता का आनंद लिया। उन्होंने आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने एवं स्वास्थ्य और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि विनोद सारथी, सचिव छोटेलाल निराला, गजानंद राठौर, तन्नू मिश्रा, पंकज निर्मलकर, नोहर, भोलू, परदेशी प्रजापति, रवि, आशीष चतुर्वेदी, अमित राठौर, कुलदीप कुर्रे, गोलू कुर्रे, दुर्गा प्रजापति, बहादुर, शंभू यादव, सुभाष यादव, गोलू पांडेय और अतुल राठौर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### सतनाम भवन परिसर में रोपे गए पौधे



**पथरिया।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पथरिया के सतनाम भवन में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, नगर पंचायत उपध्यक्ष मनोज पाण्डेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जसपाल छाबड़ा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रघु वैष्णव, ओमू, दिवान, रविन्द्र बंजारे, अमित बंजारे, रवि निर्मलकर, संतु निषाद, विनय, कैलाश यादव, भुवन गेंदले आदि उपस्थित रहे।

### घुटकू गोठान में किया गया पौधरोपण



**बिलासपुर।** ग्राम घुटकू गौठान में जल संसाधन तखतपुर एवं विकास संस्कृति पर्यावरण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 5 जुलाई क भू-जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 500 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात पर्यावरणविद एवं महाकवि डॉ बृजेश सिंह, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन तखतपुर इंजीनियर मनीष राठौर, उप अभियंता रॉकी कामले, जनपद सदस्य रानी रवि सोनी, सरपंच तिलकचंद वर्मा, सचिव रामलाल सिंगरौल, महिला स्वसहायता समूह के सदस्य एवं अन्य विभागीय स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ बृजेश सिंह ने पर्यावरण संरक्षण हेतु संक्षिप्त अभिभाषण दिया तथा अनुविभागीय अधिकारी मनीष राठौर ने पर्यावरण संरक्षण हेतु उपस्थित सभी आगंतुकों को शपथ दिलाई। साथ ही घुटकु गोठान में लगाए गए पौधों को संरक्षण देने का संकल्प विकास संस्कृति पर्यावरण परिषद की ओर से लिया गया।

---

# रोजगार सहायक के खिलाफ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**लखराम।** लखराम समीप ग्राम पंचायत खैरा के उपसरपंच सहित ग्रामीणों ने रोजगार सहायक मनोज सोनी के द्वारा की जा रही अवैध वसूली को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को ग्राम पंचायत खैरा (ड.) के पूर्व सरपंच, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया।

कि रोजगार सहायक मनोज सोनी प्रधानमंत्री आवास में 5 हजार रूपए प्रति आवास के हिसाब से कई हितग्राहियों से अवैध वसूली कर चुका है। हितग्राहियों के मना करने पर इसने आवास कार्य बीच में रोक देने और दूसरी किस्त की राशि नहीं डलवाने की धमकी देता है। साथ ही कहता है कि जिसके पास शिकायत करनी है कर दो, मेरा कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। ज्ञापन में आगे



बताया गया कि आवास पूर्ण होने के बाद लभी मजदूरों को मनरेगा की मजदूरी की राशि का भुगतान भी आज तक नहीं किया गया है एवं रोजगार सहायक ने मजदूरी की राशि अपने लोगों के नाम निकलवा ली है। यह भी जानकारी दी गई कि मनरेगा के तहत नया तालाब गहरीकरण का कार्य चल रहा है, जिसमें फर्जी मस्टर रोल भरकर राशि का आहरण किया गया है। जो व्यक्ति कार्य में नहीं गया है, उसका भी फर्जी मस्टर रोल में नाम भरा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार सहायक मनोज सोनी मनरेगा मजदूरों से अपने निजी खेत में खन्ती व खाद बिछाई कार्य भी कराता है।

## खबर संक्षेप

### नायब तहसीलदार ने बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री




**लोरमी।** ग्राम परसवारा के आश्रित ग्राम शिकारी डेरा के प्राथमिक शाला में पूना फाउण्डेशन के तत्वाधान में शाला के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैंग, कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, कटर, स्लेट, पहाड़ा आदि वितरण किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार चन्द्रप्रकाश सोनी, आदित्य ध्रुव जपं सदस्य, जेई खगेश नेताम, ओम प्रकाश सिंह ध्रुव, अकल ध्रुव, प्राभान्त सिंह ध्रुव, मनोज ध्रुव, रवि ध्रुव, दिनेश साहू, लाल सिंह राजपूत, लाल सिंह मरकाम, उत्तम सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### प्रधान पाठक गुप्ता को किया गया सम्मानित



**पेंड्रा।** प्रधान पाठक राजेंद्र प्रसाद गुप्ता 42 वर्ष शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर पेंशन संघ मस्तूरी के तहसील अध्यक्ष एसएन गुप्ता, डॉ साक्षी गुप्ता, दीपक जायसवाल, सौरभ गुप्ता, छात्र नेता सार्थक गुप्ता, विक्रांत मिश्रा व प्रीति गुप्ता ने शॉल, श्रीफल एवं सफारी भेंट कर उनको सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता शास पूर्व माध्यमिक शाला धनगवां गौरेला में 13 वर्ष से अपनी सेवा दे रहे थे।

### त्र्यंबिका को पुनर्मूल्यांकन में मिले 91.83 प्रतिशत अंक


**सीपत।** ग्राम नरगोडा निवासी एवं आत्मानंद हिंदी माध्यमिक विद्यालय सीपत की कक्षा दसवीं की छात्रा



त्र्यंबिका गोस्वामी पिता तारनगिर गोस्वामी ने पुनर्मूल्यांकन के बाद अपनी मेहनत और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पहले प्राप्त 89.33 प्रतिशत अंक पुनर्मूल्यांकन के बाद अब 91.83 प्रतिशत हो गए हैं। त्र्यंबिका अब कक्षा 11वीं में बायोलॉजी विषय लेकर अपनी पढ़ाई कर रही है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से माता-पिता और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

### बोदरी में शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ 11 से

**बोदरी।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित रामेश्वरम सिटी में सावन महीने के पहले दिन पहले दिन 11 जुलाई से




19 जुलाई तक भव्य श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिनकी तैयारी में नगर एवं आसपास की मातृ शक्ति और शिव भक्त लगातार बैठकें कर रहे हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए वाटर प्रूफ पंडाल तैयार किया जा रहा है और पार्किंग हेतु अलग टीम का गठन किया जा रहा है। श्री शिवमहापुराण कथा वाचक पंडित दुर्गेश महाराज हैं। कथा स्थल रामेश्वरम सिटी बोदरी तहसील ऑफिस के पास चकरभाठा रेलवे स्टेशन के नजदीक एयरपोर्ट रोड पर है।

### युवा गाडगे सम्मेलन की तैयारी हेतु बैठक



**बिल्हा।** यातायात नगर वार्ड क्रमांक 9 परसदा में प्रस्तावित युवा गाडगे सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रजक समाज के युवाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य समाज के युवाओं को संगठित कर उन्हें शिक्षा, सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्थान के लिए प्रेरित करना रहा। बैठक में समाज के सक्रिय युवा जय रजक ने कहा कि जब तक युवा संगठित नहीं होंगे, तब तक समाज संगठित नहीं हो सकता। जहां युवा संगठित होते हैं, वहीं समाज का भविष्य उज्ज्वल होता है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि युवा गाडगे सम्मेलन का आयोजन 20 जुलाई को सिम्स ऑडिटोरियम बिलासपुर में किया जाएगा। इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रजककार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक करेंगे। सम्मेलन की रूपरेखा, संचालन व्यवस्था, सामाजिक भागीदारी तथा युवाओं की भूमिका पर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। युवाओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने सुझाव दिए और संगठनात्मक समन्वय को मजबूती देने का संकल्प लिया। बैठक में विशेष रूप से गंगा प्रसाद रजक, रामचंद रजक, रुपु निर्मलकर, पवन रजक, जय रजक, वासु निर्मलकर, आकाश रजक, रोशन निर्मलकर, लोकेश निर्मलकर, रघुनाथ रजक, मनीष रजक, घनश्याम रजक, बाबी रजक, सनी रजक, गौरव रजक, रोशन रजक, अंकित रजक तथा समीर रजक उपस्थित रहे।





मल्हार नगर की गलियों में भरा बारिश का पानी। अंचल में लगातार हो रही बारिश से मल्हार क्षेत्र स्थित लीलागर नदी उफान पर है, दूसरी ओर सड़क पर बने पुल के ऊपर से बहता पानी।

### मौसम में बदलाव से लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा असर

# लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई एवं भारी बारिश के कारण लोगों का काम-काज पूरी तरह से प्रभावित हो गया। जिले में एक सप्ताह से हो रही बारिश ने किसानों को खुश कर दिया हैं। मौसम में बदलाव के बाद क्षेत्र में हो रही बारिश से किसानों के चेहरों पर चमक है एवं किसान अच्छी फसल की उम्मीद को लेकर खाद आदि की व्यवस्था में जुटे हुए है। वहीं कृषि विभाग इन दिनों हो रही बारिश से अच्छी पैदावार होने की बात कह रहा हैं। किसानों की मानें तो इस वर्ष खेती किसानी के लिहाज से अच्छी बारिश हो रही है। बारिश होने से मौसम सभी जगहों पर तकरीबन एक जैसा ही रहा। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में मौसम का मिजाज बदलेगा या फिर यथावत रहेगा। वैसे तापमान घटने की संभावना अधिक है। ग्राम लिलवाकापा के किसान भीखम का कहना है कि बारिश तो ठीक हो रही है, आगर आगे भी इसी तरह होती रही तो फसल की अच्छी पैदावार की संभावना है। ग्राम पुरान के किसान कृष्ण कुमार परिहार का कहना है कि बारिश लगभग रोज ही हो रही है, जो हम किसानों के लिये अमृत वर्षा के समान है। शनिवार और रविवार को मौसम में विशेष बदलाव देखने को मिला। दो दिन लगातार बारिश की झड़ी रही। जिससे पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया।



दिन भर होती रही बारिश, नगर की सड़कें रहीं सूनीं।

**स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा असर**

मौसम में इस बदलाव से लोगों में सर्दी, बुखार का प्रकोप बढ़ने की आशंका भी बढ़ गई है। दिन और रात का तापमान कम होने से फ्लू का वायरस तेजी से पनपता हैं, ऐसे में मौसम में बदलाव होने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा हैं। जिला अस्पताल और निजी क्लीनिक में भी मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा हैं। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एमके राय ने बताया कि इस मौसम का असर खासकर शिशुओं और बुजुर्गों पर पड़ रहा हैं। क्योंकि मौसम के हिसाब से इनकी प्रतिरोधक क्षमता कम होती हैं। इस कारण इस वर्ग के लोगों को मौसम को मद्देनजर रखते हुए ऐहतियात बरतना चाहिए, ताकि बीमारियों से बचा जा सकें।

**लोगों के घरों में घुसा पानी**

**मल्हार।** शनिवार को देर रात से शुरू हुई झमाझम बारिश रविवार शाम तक चलती रही, जिससे मल्हार में चारों तरफ पानी ही पानी नजर आया। नगर के निचले इलाकों में हालत खराब हो गई एवं लोगों के घरों तक में पानी घुस गया। पानी की निकासी नहीं होने को लेकर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बरसात की यह पहली भारी बारिश है, जिसमें जलभराव से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वहीं इस अनवरत बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। वहीं अच्छी बारिश के चलते आम जनता ने गर्मी से राहत की सांस भी ली है। लगातार तेज बारिश होने से नगर में कई वार्डो में पानी भर गया। नगर की मुख्य सड़कों के अलावा पोस्ट ऑफिस मार्ग व मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से सड़क जलमग्न नजर आई। बस स्टैंड से मेला चौक तक कि मुख्य सड़क तालाब में तब्दील हो गई एवं पानी निकासी की समस्या होने से सड़क का पानी लोगों के घरों तक घुसने लगा।

**मंदिर पर गिरा विशालकाय पेड़, कोई हताहत नहीं**



**लोरमी।** क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त होता जा रहा है। कोटा-लोरमी मुख्य मार्ग पर ग्राम भंवराकछार में पीपल पेड़ का एक विशालकाय पेड़ धराशायी होकर मंदिर पर गिर गया, जिससे मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि हादसे में मंदिर की मूर्तियां सुरक्षित रहीं एवं कोई जनहानि भी नहीं हुई। इस मार्ग पर पेड़ गिरने की यह दूसरी घटना है। राहत की बात तो यह रही कि घटना में आवागमन प्रभावित नहीं हुआ। विगत 4 दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है।

## चौपाल में विकसित भारत पर चर्चा

**पथरिया।** केंद्र सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाने 5 जुलाई तक गांव- गांव में मोहल्ला चौपाल का आयोजन किया गया। इसी क्रम में पथरिया क्षेत्र के वार्ड 7 में मोहल्ला चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के जनप्रतिनिधि, आमजन और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भाजपा के पितृ पुरुषों ने संगठन स्थापना के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत, कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक देश एक निशान जैसे राष्ट्रीय गौरव के विषय के साथ समाज के आखिरी व्यक्ति तक जनकल्याण की योजनाओं को पहचाने का संकल्प लिया था। वह आज भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार के माध्यम से सिद्ध हो रहा है। यही कारण है कि भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव में चौपाल लगाकर जनता को भाजपा सरकार की उपलब्धियां बता रहे हैं। नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि भाजपा



वादे नही करती संकल्प लेती है, हम जनसेवा का संकल्प लेने वाले राजनीतिक संगठन के कार्यकर्ता हैं। जनसंघ के समय से ही हमारे नेताओं ने जो संकल्प लिया वो आज साकार हो रहे हैं। आज मोदी सरकार के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ा है। विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव ने कहा कि केंद्र कि नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं से नागरिकों को स्वच्छता, पेयजल, आवास, पेंशन, किसान सम्मान निधि, मिल रही है जो सीधे हितग्राहियों को लाभान्वित कर रही है। भाजपा नेता और पूर्व नपं अध्यक्ष जसपाल छबड़ा ने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार के उपलब्धियों को बताते हुए विकिसत भारत की शुरुआत विकसित नगर से होने की बात कही। कार्यक्रम में नगर पंचायत सभापति इंद्रजीत यादव, मेला राम डनसेना, मोनिका ओमू दिवान, रामबघेल के प्रतिनिधि रविन्द्र बघेल, बलराम जायसवाल, बलदाऊ जसवाल, ओमू दिवान, अमित बनाजरे, राजेन्द्र निर्मलकर, खोरबहरा यादव, बल्लू यादव, शंकर यादव, शत्रुहन बघेल आदि उपस्थित रहे ।

## महिला समस्याओं के लिए जागरूकता जरूरी

**मुंगेली।** जागृति महिला जन कल्याण समिति की ओर से माहवारी की जागरूकता के लिए माहवारी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें 'माहवारी प्राकृतिक देन है कोई अभिशाप नहीं' का संदेश को जागरूकता के साथ लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। जागृति महिला जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सावित्री सोनी एवं सदस्यों ने कार्यक्रम के अतिथि डॉ मनीष बंजारा व डॉ प्रियंका जांगड़े का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

समिति के अध्यक्ष सावित्री सोनी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि माहवारी के विषय में आज भी महिलाओं की स्थिति चिंतनीय है। उन्होने संगोष्ठी में उपस्थित छात्रओं व महिलाओं से आग्रह किया कि वे इस विषय में अपनी शंका समाधान करने के लिए खुलकर चर्चा करें और प्रश्न पूछें। डॉ मनीष बंजारा ने कहा कि माहवारी एक प्राकृतिक देन है, इसके




जुड़ी जागरूकता के लिए कार्य करना होगा। समाज में जागरूकता लाना होगा और इस माहवारी के संबंध में नई पीढ़ी की युवती व बच्चियों को पूर्ण जानकारी देकर जागरूक करना है। डॉ प्रियंका जांगड़े ने बताया कि पीसीओडी एक हॉर्मोनल का असंतुलन है, जिसके कारण अंडाशय में छोटी-छोटी गाठें बन जाती हैं। जिससे मासिक धर्म अनियमित हो जाता है। इस अवसर पर महिला जागृति जन सेवा कल्याण समिति अध्यक्ष सावित्री सोनी, उपाध्यक्ष प्रमिला चौरसिया, सचिव माधवी उर्फ सुधा राजपूत, कोषाध्यक्ष भगवती बनर्जी, संरक्षक सरिता बाजपेई, मधु उप्पल, शारदा मिश्रा सहित चेतना वरिष्ठ महिला संघ, मितानीन, महिला बाल विकास, स्कूली छात्राओं के साथ उमा शर्मा, शीला जायसवाल, मंजू सोलंकी, शकुतला राजपूत, ममता ठाकुर, लक्ष्मी सोनी, कमला श्रीवास्तव, वंदना गुलहरे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## जपं की सामान्य सभा में विभिन्न विभागों की समीक्षा

**लोरमी।** जनपद पंचायत की सामान्य सभा जपं अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू सीईओ पीआर धृतलहरे की उपस्थिति में सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई।

जपं अध्यक्ष वर्षा सिंह ने खरीफ फसल की तैयारी को लेकर कृषि विभाग और सहकारिता विभाग की विशेष समीक्षा की और कहा कि मैदानी क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी फील्ड में कार्य करते हुए किसानों का सहयोग करें। उन्होंने किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। सहकारिता की समीक्षा में बचे हुए किसानों को जल्द से जल्द केसीसी लोन स्वीकृत करने और खाद उपलब्ध कराने और स्टोरेज व्यवस्था ठीक से करने निर्देशित किया। मनरेगा की समीक्षा में श्रीमती सिंह ने प्रधानमंत्री आवास के मजदूरी भुगतान को प्राथमिकता से एवं समय पर करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य शासन की ओर से आमजनों के हित में विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। शिक्षा विभाग को पुस्तक वितरण करने हेतु व्यवस्था बनाने एवं जर्जर स्कूल भवनों की सूची बनाने, पीएचई विभाग को जल जीवन मिशन के कार्यों का सुचारु क्रियान्वन करने एवं पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़े गए सड़क को अति शीघ्र मरम्मत करने, बिजली विभाग की समीक्षा में जर्जर केबल तार एवं विद्युत पोल को सुधारने, पशुपालन विभाग को टीकाकरण सुचारू रूप से करने निर्देशित किया गया। बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों को विभागीय जानकारी का फोल्डर उपलब्ध कराने एवं जनप्रतिनिधियों को विभागीय कार्यक्रम में आमंत्रित करने हेतु निर्देशित दिया गया। बैठक में जपं सदस्य कंतनी मदन चंद्राकर, विद्यानंद चंद्राकर, मूलचंद डाहिरे, आदित्य ध्रुव, बबीता बंजारा, वेदराम पटेल, रुक्मणी बिंझवार, नागेंद्र पटेल, रानी देवा मार्को, सरस्वती कमल राजपूत, सती कौशल जायसवाल, सफूरा भार्गव पूर्णिमा साहू, हरिशंकर कश्यप, सुरजीत भार्गव, मेन भार्गव, दुमेश्वरी बघेल, चंपा साहू, आदि उपस्थित रहे। बैठक में जपं सदस्यों को पीडब्ल्यूडी एसडीओ प्रवीण शुक्ला, आरईएस एसडीओ कमलेश राठौर, बीएमओ डॉक्टर जीएस दाऊ, बैंक प्रबंधक संतोष कौशिक, मुकेश राजपूत, कृषि अधिकारी डीके कुरें, छात्रावास अधिक्षिका सविता धृतलहरे, श्रम उपनिरीक्षक संतोष साहू, पीएचई से कृष्णामूर्ति सर्वे, सिंचाई विभाग से शरद सूर्यवंशी, सूर्यवं वन विभाग से विजय साहू बिजली जेई खगेश खगेश नेताम, खाद्य विभाग से मनोज साहू, मतस्य विभाग से सुभाष बंजारे, मंडी से कमलकांत, शिक्षा विभाग से आर के निर्मलकर आदि उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। जनपद पंचायत की ओर से ग्राम सावतपुर में 'एक पेड मां के नाम' वृक्षारोपण महाभियान अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम सावंतपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने लोगों से पौधे लगाने का अपील की। साथ ही पूर्ण हो चुके आवास परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में जिपं सभापति रला संजय काठले, सुरजीत भार्गव, जपं सदस्या मूलचंद डाहिर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीआर घृतलहरे, देवरहट मण्डल अध्यक्ष दिनेश कश्यप, डिंडौरी मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, प्रदीप साहू, छत्तू कश्यप, रामस्वरूप यादव, शमशाद बेगम, दुर्गा डाहिरे सरपंच, हितेश कश्यप, ममता कश्यप, सहायक विस्तार अधिकारी, इम्तीमयाज अली कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी ग्रामीण उपस्थित हुए।

## उसराभाठा में न्यौता भोज, शिक्षकों ने बच्चों के साथ किया भोजन

**बेलतरा।** बेलतरा के ग्राम पंचायत नेवसा की शासकीय प्राथमिक शाला उसराभाठा स्कूल में शुक्रवार को प्रधान पाठक विद्यानंद कश्यप एवं शिक्षिका पुष्पा साहू की ओर से न्यौता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को आमंत्रित कर उन्हें स्वादिष्ट भोजन खिलाया गया।



दरअसल यह परंपरा शासन के निर्देश के बाद लगभग हर स्कूलों मे संपन्न कराई जा रही है। इस आयोजन में स्कूली बच्चो के अलावा जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यक्रर्ता भी मौजूद थे। सभी ने एक छत के नीचे बैठकर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया। बेलतरा जपं सदस्य कमला विजय साहू ने बताया कि न्यौता भोज का आयोजन प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के तहत किया जा रहा है। उनका कहना था कि न्यौता भोज एक तरह से शिक्षक एवं विद्यार्थी के बीच सामंजस्य बैठाने का अनूठा प्रयास साबित हो रहा है। स्कूल के प्रधान पाठक विद्यानंद कश्यप ने कहा कि अक्सर लोग अपनी खुशियों को परिवारजनों के साथ मना कर समेट लिया करते थे, परंतु प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के तहत शासकीय स्कूलों में होने वाले न्यौता भोज के बाद परिवार की खुशियां अनेक लोगों के साथ मिलकर बांटी जा रही हैं।


बंधवापारा की सड़क पानी में डूबी।


सरकंडा भगत सिंह स्कूल के पास मुख्य सड़क पानी से लबालब।


चौबे कॉलोनी में घरों के अंदर घुसा पानी।


पुराना बस स्टैण्ड निराला नगर में भरा पानी।

## खबर संक्षेप

### लोको पायलट के साथ की जमकर मारपीट

**बिलासपुर।** दरवाजा खोलने के विवाद में लोको पायलेट के साथ जमकर मारपीट कर दी गई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।
सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अल्का एवेन्यू निवासी राकेश कुमार राठौर रेलवे विभाग में लोको पायलट हैं। 5 जुलाई को रात 10 बजे एक महिला अपने परिचित व्यक्तियों के साथ अपनी एक्टिवा वाहन से कालोनी की सड़क होते हुए जाने के लिए गेट खोलने के लिए सुरक्षागार्ड पर दबाव बना रही थी। श्री राठौर ने विरोध किया तो महिला के परिचित अजीत कुमार जोशी जो अल्का एवेन्यू कालोनी में किराए के मकान रहता है। गेट के पास आकर उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जमीन में पटक दिया। पुलिस ने श्री राठौर की रिपोर्ट पर हमलावर अजीत कुमार जोशी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सूने मकान से जेवर ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोकनगर रामनगर निवासी अंजू चौहान पति स्व. चित्रेश चौहान कपड़ा का व्यवसाय करती है। 2 जुलाई को घर के दरवाजे में ताला लगाकर मायके बंधवापारा आ गई थी। 5 जुलाई को पड़ोसी धीरज शर्मा ने फोन कर बताया उनके घर में चोरी हो गई है। उन्होंने घर जाकर देखा तो ताला टूटा हुआ था और अंदर कमरे में सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी में रखा सोने का झुमका, चेन, लाकेट, दो अंगूठी, चांदी का सिम्का, नकद रकम की चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने उनके घर का मुआयना कर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ठगी की रकम अपने खाते में जमा कीः जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** ठगी की रकम 5 लाख 88 हजार रुपए अपने बैंक खाते में जमा कराने वाले खाताधारक के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। साइबर थाना से मिली जानकारी के अनुसार, पंजाब खन्ना सम्राला निवासी निखिल नौटीवाल ने समन्वय पोर्टल पर 15 अगस्त 2024 को 3 हजार 999 रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत की थी। जांच में पता चला कि धोखाधड़ी की राशि तालापारा मिनीमाता नगर निवासी नितिश भारद्वाज 23 साल खाते में गई है। उसके खाते में अलग अलग जगहों से ठगी के 5 लाख 88 रुपए आई थी। उक्त रकम खाताधारक ने अलग अलग बैंक एकाउंट में ट्रांसफर करने और रुपयों को छिपाने के लिए साइबर ठग गिरोह को उपलब्ध कराया है। जांच के बाद पुलिस ने नितिश भारद्वाज के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**संजू त्रिपाठी हत्याकांड : तीन साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी**

# ईनामी शूटर वाराणसी में पकड़ा गया गिरफ्तार करने जाएगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संजू त्रिपाठी हत्याकांड में 3 साल से फरार ईनामी शूटर को वाराणसी पुलिस ने देशी कट्टा सहित पकड़ लिया है। सकरी पुलिस शूटर की गिरफ्तारी करने वाराणसी जाने की तैयारी कर रही है।

14 दिसंबर 2022 को कुदूदण्ड चांदनी चौक निवासी हिस्ट्रीशीटर संजू त्रिपाठी की सकरी ओवरब्रिज के गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उक्त में दो शूटर फरार थे। पूर्व में एसपी आफिस से दोनों फरार शूटरों पर ईनाम की घोषणा की थी। खबर है कि शुक्रवार की रात वाराणसी के बड़ागांव पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वाराणसी एसटीएफ गोल्ड यूनिट की टीम पहुंची। टीम को मुखबिर से सूचना ईनामी अपराधी इस रास्ते से गुजरने वाला है। इसी दौरान टीम ने पैदल आ रहे फरार ईनामी शूटर चित्रकूट मानिकपुर चमरोहा निवासी विनय कुमार द्ववेदी उर्फ बासू उर्फ गुरूजी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर का देशी कट्टा, दो कारतूस, 200 रुपए मिले। उसके खिलाफ यूपी में एक दर्जन मामले दर्ज हैं। पूछताछ में उसने संजू त्रिपाठी हत्याकांड में शामिल होना स्वीकार कर लिया है। वाराणसी पुलिस फरार शूटर के पकड़े जाने की सूचना बिलासपुर पुलिस को दी है। सकरी पुलिस ने आरोपी शूटर को गिरफ्तार करने वाराणसी जाने की तैयारी में है। वहीं हत्याकांड में इसका एक और साथी पुलिस पकड़ से बाहर है।


पुलिस गिरफ्त में फरार आरोपी।

### पूर्व में पकड़े थे आरोपी

हत्याकांड के बाद मामले में खुलासा हुआ संजू त्रिपाठी के सगे भाई कपिल त्रिपाठी ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर बाहर से शूटर बुलाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामले में कपिल त्रिपाठी, पिता जयनारायण त्रिपाठी, उसकी पत्नी, मुंहबोली बहन, जीजा, शूटर दानिश अंसारी, पप्पू दाढ़ी, प्रसुन गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

### गिरफ्तार करने जाएगी टीम

वाराणसी पुलिस ने संजू हत्याकांड में फरार शूटर को अपने मामले में पकड़ा है। उनके द्वारा कार्रवाई करने के बाद यहां से पुलिस टीम वाराणसी जाएगी। कोर्ट में उसे रिमांड में लेने की मांग की जाएगी। रिमांड नहीं मिलने पर प्रोडेक्शन रिमांड लेकर वहीं गिरफ्तार कर वहीं के जेल में दाखिल कर दिया जाएगा।

-प्रदीप आर्या, सकरी टीआई

## कूटरचना कर प्रधान आरक्षक की पैतृक जमीन को बेचा, 4 के खिलाफ जुर्म दर्ज

कूटरचना कर फर्जी दस्तावेज से प्रधान आरक्षक की पैतृक जमीन को बेचने वाले 4 लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।
सरकण्डा थाना के एएसआई देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि खमतराई निवासी प्रकाश दुबे पिता स्व. भैयालाल दुबे जांजगीर जिले में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। उनकी पैतृक जमीन खसरा नम्बर 672, 56 डिस्मिल उनके पिता के नाम पर है। पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने रिकार्ड दुरूस्त कराकर जमीन अपने नाम पर नहीं कराया था। उन्हें पता चला कि उनकी पैतृक जमीन को अनुज मिश्रा को बेच दिया गया है। उन्होंने तहसील कार्यालय में शिकायत करते हुए रिकार्ड निकाला तो पता चला वर्ष 2022, 23 तक रिकार्ड में जमीन उनके पिता स्व. भैया लाल दुबे पर थी। उसके बाद राजस्व रिकार्ड में उक्त जमीन भैया लाल सूर्यवंशी के नाम पर चढ़ गई और फर्जी मृत भैया लाल सूर्यवंशी खड़े करवाकर 4 फरवरी 2025 को अनुज मिश्रा के नाम पर रजिस्ट्री कर दी गई है। जांच के बाद पुलिस ने प्रधान आरक्षक श्री दुबे की रिपोर्ट पर क्रेता भैयालाल सूर्यवंशी, विक्रेता अनुज कुमार मिश्रा, गवाह राहुल पटवा, अभिषेक दुबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 336, 338, 340, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप

प्रधान आरक्षक श्री दुबे ने थाने में उनकी पैतृक जमीन को बेचने के लिए आरोपियों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज तैयार कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले को गंभीरता से जांच कर दोषी अधिकारी कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की मांग की है।

## 4.50 लाख की आनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पुलिसिया कार्रवाई का दिखाया भय

पुलिसिया कार्रवाई का भय दिखाकर एक व्यक्ति से 4.50 लाख रुपए आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस की सक्रियता से 2.50 लाख रुपए होल्ड करा लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, घुरू प्रथमेश विहार निवासी दिलीपा तिवारी पिता स्व. दाउराम तिवारी 57 साल के मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से फोन कर बच्चों का अश्लील पोर्न वीडियो देखने का आरोप लगाते हुए पुलिसिया कार्रवाई कराने का भय दिखाया गया। कुछ देर बाद कहा गया कि पुलिस आ गई और पुलिस गाड़ी का हार्न बजाते हुए उन्हें सुनाया गया। पुलिसिया कार्रवाई से बचने का झांसा देर उनसे अलग अलग किश्तों में 4.50 लाख बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया गया है। उसके बाद फिर उनसे पैसे की मांग की जा रही थी। इस पर श्री तिवारी ने तत्काल सकरी थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस की सक्रियता से 2.50 लाख रुपए बैंक खाते में होल्ड करा लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ 66 डी, 318 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**रायगढ़ पुलिस ने की है गिरफ्तारी**

# गिरफ्तारी के बाद भी डिमांस्ट्रेटर पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- इ्यूटी से नदारद है डॉक्टर दम्पती

सिम्स के डेमोस्ट्रेटर डॉ. संजय बंजारे और उनकी पत्नी के विरूद्ध हुए एफआईआर के बाद रायगढ़ पुलिस ने पिछले बुधवार को डॉ संजय बंजारे को गिरफ्तार कर लिया है। डॉ बंजारे और उनकी पत्नी सिम्स मेडिकल कालेज में सेवा देते रहे हैं, लेकिन डेढ़ माह से गायब है, इसके बावजूद प्रबंधन ने दोनों डॉक्टर दंपती पर कार्रवाई नहीं की है।

निजी आवास को 4 लोगों को बेचने का वादा कर युवक से 15 लाख 50 हजार रूपए लेने के मामले में सिम्स के डेमोंस्ट्रेटर डॉ संजय बंजारे और पत्नी पल्लवी मिश्रा बंजारे पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज है, डॉ संजय बंजारे को रायगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डॉ दंपती एफआईआर होने के बाद से ही सिम्स से नदारद हैं, इस दौरान दोनों ने प्रबंधन से छुट्टी भी नहीं ली है। खास बात यह है कि दोनों डाक्टर दंपती पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने और गिरफ्तारी के बाद भी सिम्स प्रबंधन ने कोई एक्शन नहीं लिया है, जबकि बताया



जा रहा है कि प्रार्थी ने इस बारे में डीन और अन्य अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया है। सामान्यतः ऐसे मामले में क्लास 2 अधिकारियों पर कार्रवाई होते ही संस्थान प्रमुखों के द्वारा कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किए जाते हैं, लेकिन इस मामले में प्रबंधन ने अबतक ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि पुलिस द्वारा प्रतिवेदन देने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने सूचना नहीं दी है

व्यक्तिगत मामले में अपराध दर्ज होने पर पुलिस द्वारा प्रतिवेदन भेजा जाता है, जबकि इस मामले में अभी तक पुलिस ने कार्रवाई की सूचना नहीं दी है। संज्ञान लेने की बात नहीं है। सिम्स परिसर की बात होती तो डीन होने के नाते मुझे तत्काल कार्रवाई का अधिकार होता है, ऐसे में मामले में अधिकार नहीं है।

**-डॉ. रमणेश मूर्ति,** डीन, सिम्स

# दो सूने मकानों में चोरी, आरोपी गिरफ्तार, जब्ती एक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पतासाजी में जुटीपुलिस

दो सूने मकानों से कीमती जेवर व सिलाई मशीन चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ लिया है। पुलिस ने उसके पास से सिलाई मशीन व 1500 रुपए जब्त किया है। वहीं चोरी गए कीमती जेवर जब्त नहीं किए गए हैं। इससे कार्रवाई पर सवालिया निशान लग गया है।

कोटा टीआई तोपसिंह नवरंग ने बताया, 9 जून को एक सूने मकान से 70 हजार के सोने चांदी की जेवर, 10 हजार रुपए नकद व 5 जुलाई को एक अन्य मकान से सिलाई मशीन चोरी कर लिया गया था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पतासाजी में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तखतपुर पेंड्री निवासी हीरा सिंह नेताम पिता मकुंद सिंह नेताम 48 साल को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर उसने दोनों मकानों में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से सिलाई मशीन व मात्र 1500 रुपए नकद रकम जब्त किया गया है। चोरी गए कीमती जेवर जब्त नहीं किए गए हैं।

### पूर्व में सरकण्डा में हुई थी चोरी

पूर्व में सरकण्डा क्षेत्र के एक मकान में चोरों ने धावा बोलकर करीब 12 लाख का जेवर चोरी कर लिया था। पुलिस ने चोरों को पकड़कर गिनती के जेवर जब्त की जब्ती की थी। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर चोरी गए कीमती जेवर की बरामदगी के लिए गुहार लगाई थी। अब तक पुलिस अन्य चोरी के जेवरों का बरामद नहीं कर पाई है।

### अज्ञात व्यक्ति ले गया जेवर

आरोपी चोरी करने के बाद भागते समय गनियारी के पास जाकर नशे में सो गया। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति चोरी के जेवर की पोटली उठाकर भाग गया। वहीं नकम रकम को खर्चा कर देना बता रहा है।

**-तोपसिंह नवरंग**
कोटा टीआई

### दुर्ग-पटना स्पेशल ट्रेन चलेगी आज से

**बिलासपुर।** दुर्ग से पटना के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके बाद यात्रियों की सुविधा और मांग को देखते हुए एक और स्पेशल ट्रेन का परिचालन 7 जुलाई से करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 08797 दुर्ग-पटना साप्प्तहिक स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 7, 14, 21, 28 जुलाई को प्रति सोमवार और विपरीत दिशा में पटना से 08798 नम्बर के साथ पटना-दुर्ग साप्ताहिक स्पेशल बनकर 8, 15, 22, 29 जुलाई को प्रति मंगलवार को चार फेरे के लिए चलाई जाएगी।

# कंडम पुलिस क्वार्टरों में रह रहे पुलिसकर्मी


पुलिस लाइन स्थित जर्जर पुलिस क्वार्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इदगाह चौक पुलिस लाइन में 156 नए पुलिस क्वार्टर बनने के बाद भी कमी बनी हुई है। 20 से 25 पुलिसकर्मी वर्षों पुराने कंडम हो चुके मकानों की छत में पालीथीन लगाकर जान जोखिम में डालकर परिवार के साथ रह रहे हैं। बारिश होने पर उनकी परेशानी बढ़ जाती है।

पूर्व में पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों की पहल पर ईदगाह चौक स्थित पुलिस लाइन के सामने अपार्टमेंट की तर्ज पर 84 व उसके बाद पुलिस लाइन के अंदर 72 नए पुलिस क्वार्टर बनाकर पुलिसकर्मियों को उपलब्ध कराया गया था। पुलिस लाइन के अंदर बने पुराने मकानों को कंडम घोषित कर दिया गया है। उसके बाद भी करीब 20 से 25 पुलिसकर्मी जान जोखिम में डालकर परिवार के साथ रहने को मजबूर हैं। लगभग सभी मकानों का प्लास्टर गिर गया है और सरिया बाहर निकल गया है। बारिश के मौसम में उनकी परेशानी बढ़ जाती है। साफ सफाई नहीं होने से नाली का पानी घर के अंदर चला जाता है और जहरीले जीव जन्तु का डर सताते रहता है।



### पोस्टआफिस के सामने 24 जर्जर मकान

मेन पोस्टआफिस के पास पुलिस विभाग के 24 पुलिस क्वार्टर हैं। सभी मकान जर्जर हो गए हैं, पुलिसकर्मी जुगाड़ बनाकर किसी तरह यहां रह रहे हैं। शहर के बीच जमीन होने के बाद भी विभाग उक्त कंडम मकानों को तोड़कर हाईटेक मकान बनाने की पहल नहीं कर रहा है।

# शराब के लिए पैसा नहीं दिया युवक पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब के लिए पैसा नहीं देने से एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बंगालीपारा निवासी योगेश साहू पिता पिता राजकुमार साहू 5 जुलाई को शाम 5 बजे चाय दुकान के सामने खड़े थे। इसी दौरान बंधवापारा निवासी रेहान खान, तुषार उर्फ पप्पू बाइक से आए और उससे शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। उसने मना किया तो दोनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो तुषार उर्फ पप्पू बाइक से उतरकर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में चोट आई है। वहीं रेहान खान ने हाथ के चूड़ा निकालकर सिर पर हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से हड़कंप मच गया।



- आरोपी गिरफ्तार

सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पिता राजकुमार साहू की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 2, 119, 1, 3, 5, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी बंधवापारा निवासी रेहान खान उर्फ रेहान मोमिन पिता मो. मनसूर मोमिन 20 साल को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी चाकू से हमला करने वाला तुषार उर्फ पप्पू पुलिस पकड़ से बाहर है।

### सर्वाधिक चाकूबाजी अशोक नगर में

अशोकनगर अटल आवास चाकूबाजी के चर्चित हो गया है। क्षेत्र में बेखौफ नशीले इंजेक्शन टेबलेट, गांजा, अवैध शराब की बिक्री होने से इलाका अपराधगढ़ बनता जा रहा है। यहां छोटी छोटी बात पर नशेड़ी लोगों पर चाकू से जान लेवा हमला कर रहे हैं। नशेड़ियों पर पुलिस का लगाम नहीं होने से क्षेत्र के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# चेन पुलिंग करते आरपीएफ ने यात्री को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलार्म चेन पुलिंग कर ट्रेन परिचालन प्रभावित करने वाले यात्री को आरपीएफ ने पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। किसी भी इमरजेंसी और यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने ट्रेन में चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकने की सुविधा दी है। इसका कई लोग गलत उपयोग करते हुए यात्रियों को परेशान करते हैं।

वहीं ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित होता है। यात्रियों को एनाउंसमेंट के अलावा नुक्कड़ नाटक के जरिए समझाइश के बावजूद किसी तरह का असर नहीं पड़ रहा है। इसके लिए आरपीएफ लगातार अलार्म चेन पुलिंग करने वालों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई भी कर रही है। इसी तरह कोरबा से बिलासपुर आकर इतवारी तक जाने वाली शिवनाथ एक्सप्रेस में भी चेन पुलिंग कर ट्रेन परिचालन प्रभावित किया गया। पूछताछ में यात्री ने बताया कि वह गलत ट्रेन में सवार हो गया था। आरपीएफ ने पूछताछ के बाद रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसके अलावा स्टेशन में पेट्रोलिंग के दौरान चार अवैध वेंडर, यात्रियों को परेशान करने वाले पांच किन्नर और अवैध पार्किंग करने वाले दो के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

### नो पार्किंग : गाड़ियों पर की गई कार्रवाई

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर आरपीएफ ने रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मुख्य रेलवे स्टेशन में डेवलपमेंट का काम करने की वजह से रेल प्रशासन ने गेट के सामने बनी हुई पार्किंग को 200 से 300 मीटर की दूरी पर स्थानांतरण कर दिया है, जिसके कारण लोग अपनी गाड़ियों को इधर-उधर रखना शुरु कर दिए हैं। इसके लिए आरपीएफ को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। आरपीएफ ने स्टेशन और सर्कुलेटिंग एरिया में पेट्रोलिंग के दौरान अलग-अलग मामलों में रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसके तहत स्टेशन प्लेटफार्म और ट्रेनों में यात्रियों को परेशान करने वाले 6 किन्नरों, अनाधिकृत रूप से सामान बेचने वाले तीन हॉकरों और नो पार्किंग में बाइक रखने वालों के खिलाफ 159 के तहत रेलवे एक्ट का मामला कायम किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर , जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
14 अगस्त, 11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशिः-स्लीपर -17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411